
आज का विचार

नरम शब्दों से सख्त दिलों को जीता जा सकता है।।

# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



8

RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265
Established 2003

चंडीगढ़ , सोमवार, 8 अगस्त 2022 | वर्ष 20, अंक 105, मूल्य : 3 रुपये | www.citydarpan.com

# इसरो ने रचा इतिहास, नया रॉकेट एसएसएलवी किया लॉन्च

## लॉन्च व्हीकल के साथ दो उपग्रह 'पृथ्वी अवलोकन -02' और आजादी सैट उपग्रह जा रहे हैं

■ यह प्रक्षेपण भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' को चिह्नित करने के लिए किया गया है



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। इसरो ने अपने पहले स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल डेवलपमेंटल फ्लाइट-1 (एसएसएलवी-डी1) का सफल प्रक्षेपण कर दिया है। एसएसएलवी रॉकेट की लॉन्चिंग रविवार सुबह 9 बजकर 18 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। यह प्रक्षेपण भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' को चिह्नित करने के लिए किया गया है। इस स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के साथ दो उपग्रह 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह-02' (ईओएस-02) और आजादीसैट उपग्रह जा रहे हैं। ईओएस-02 का वजन 142 किलोग्राम है। यह 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करेगा। वहीं आजादीसैट आठ किलो का क्यूबसैट है। इसरो ने अंतरिक्ष में सस्ती सवारी की पेशकश करने और बढ़ते छोटे उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में हिस्सेदारी हासिल करने के उद्देश्य से भारत का पहला लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) लॉन्च किया है। इससे पहले इसरो ने अंतरिक्ष में उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) और जीएसएलवी (जियो सिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल) का इस्तेमाल किया जाता था। एसएसएलवी की लंबाई 34 मीटर है। यह वॉरहॉर्स पीएसएलवी से 10 मीटर छोटा है और 500 किलोग्राम तक के पेलोड को 500 किमी प्लानर ऑर्बिट में डाल सकता है। चूंकि एसएसएलवी 120 टन के उपग्रह प्रक्षेपण के लिए है, जबकि पीएसएलवी में 320 टन है। एसएसएलवी अपने चौथे चरण में लिक्विड-प्रोपेल्ड वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल (वीटीएम) का उपयोग करता है और फिर उपग्रह को कक्षा में स्थापित करता है।

### कम लागत वाली एवियोनिक्स प्रणाली है एसएसएलवी

**सेगमेंट असेंबली** को कम करने और इंटीग्रेशन टाइम लॉन्च करने के लिए एक ओपन जॉइंट स्ट्रक्चर वाला बूस्टर मोटर सेगमेंट एसएसएलवी के प्राथमिक लाभों में से एक है। इसके अतिरिक्त, इसमें व्यावसायिक रूप से उपलब्ध, औद्योगिक रूप से उत्पादित घटकों के साथ-साथ त्वरित असेंबली और लॉन्च के लिए एक समान इंटरस्टेज संयुक्त संरचना के साथ एक लघु, कम लागत वाली एवियोनिक्स प्रणाली है। एसएसएलवी में पूरी तरह से घरेलू इलेक्ट्रो-मैकेनिकल एक्ट्यूएटर्स, एक मल्टी-सैटेलाइट एडेप्टर डेक और मल्टी-सैटेलाइट आवास के साथ एक डिजिटल कंट्रोल सिस्टम भी शामिल है।

### आजादीसैट उपग्रह को छात्राओं ने किया है डिजाइन

**भारत की** स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' चिह्नित करने के लिए देश भर के सरकारी स्कूलों की छात्राओं ने आजादीसैट उपग्रह को डिजाइन किया है। आजादीसैट में 75 अलग-अलग पेलोड हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन लगभग 50 ग्राम है। देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को इन पेलोड के निर्माण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों ने मार्गदर्शन दिया था, जिन्हें 'स्पेस किड्स इंडिया' की छात्र टीम ने एकीकृत किया था।

### तस्वीरें क्लिक करने के लिए सेल्फी कैमरा

**भारतीय राष्ट्रीय** अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र के अनुसार आजादीसैट में अपने स्वयं के सौर पैनलों और लोरा (लॉन्ग रेंज कम्युनिकेशन) ट्रांसपोंडर की तस्वीरें क्लिक करने के लिए एक सेल्फी कैमरा है।

### ईओएस-02 अंतरिक्ष में 10 महीने करेगा काम

**ईओएस-02** का उपयोग भू-पर्यावरण अध्ययन, वानिकी, जल विज्ञान, कृषि, मिट्टी और तटीय अध्ययन के क्षेत्र में सहायक अनुप्रयोगों के लिए थर्मल विसंगतियों पर इनपुट प्रदान करने के लिए किया जाएगा। यह 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करेगा।

# राष्ट्रमंडल खेल : मुक्केबाज नीतू घंघास और अमित पंघाल ने जीते स्वर्ण



■ भारत ने अब तक जीते 43 पदक, जिनमें 15 स्वर्ण पदक, 11 रजत और 17 कांस्य शामिल


**दर्पण न्यूज सर्विस**

**बर्मिंघम।** भारतीय मुक्केबाज नीतू घंघास और अमित पंघाल ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रविवार को भारत को दो और स्वर्ण पदक दिलाए। नीतू ने महिलाओं के मिनीममवेट कैटेगरी (45-48किग्रा) में स्वर्ण पदक जीता। यह इन खेलों में भारत का 14वां स्वर्ण है। नीतू ने रविवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में इंग्लैंड की डेमी जाडे को 5-0 से हराकर स्वर्ण पर कब्जा किया। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में कनाडा की प्रियंका ढिल्लों को शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पुरूषों के 48-51 किग्रा भारवर्ग में अमित पंघाल ने भारत को 15वां स्वर्ण पदक दिलाया। अमित ने स्वर्ण पदक मुकाबले में इंग्लैंड के किआरन मैकडोनाल्ड को 5-0 हराया और रविवार को मुक्कोबाजी में देश को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया है। इससे पहले हरियाणा के रोहतक के मुक्केबाज अमित ने सेमीफाइनल मैच में अपने पंच से जाम्बिया के पैट्रिक चिनेयम्बा को चित कर फाइनल में जगह बनाई थी। बता दें कि भारत ने अब तक इन खेलों में कुल 43 पदक जीत लिए हैं, जिनमें 15 स्वर्ण, 11 रजत और 17 कांस्य शामिल हैं।

# एनआईए ने दिल्ली से आईएसआईएस से जुड़े संदिग्ध को किया गिरफ्तार

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर बाटला हाउस निवासी मोहसिन अहमद को आईएसआईएस मॉड्यूल से जुड़ी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अनुसार उसने 6 अगस्त को बाटला हाउस के जोगाबाई एक्सटेंशन में रह रहे मोहसिन अहमद के आवासीय परिसरों की तलाशी ली और बाद में उसे आईएसआईएस की ऑनलाइन और ऑन-ग्राउंड गतिविधियों से संबंधित मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहसिन अहमद आईएसआईएस का कट्टर और सक्रिय सदस्य है। मोहसिन को भारत के साथ-साथ विदेशों में सहानुभूति रखने वालों से आईएसआईएस के लिए धन एकत्र करने में शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया गया है। वह आईएसआईएस की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए इन पैसों को सीरिया और अन्य जगहों पर क्रिप्टोकरेंसी के रूप में भेज रहा था। मोहसिन बिहार से ताल्लुक रखता है और काफी समय से दिल्ली में रह रहा था। शनिवार रात उसकी पहचान की गई और उसे उठाया गया और पूछताछ के लिए एनआईए मुख्यालय लाया गया। एनआईए ने 25 जून को मामला दर्ज किया था।



# तेलंगाना के वरिष्ठ नेता दसोजू श्रवण भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के वरिष्ठ नेता डॉ दसोजू श्रवण ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। हाल ही में कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले दासोजू राज्य के पार्टी प्रभारी तरुण चुग और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। दिल्ली में उनके शामिल होने से जुड़े कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक वेंकटस्वामी, सांसद लक्ष्मण और मुरलीधर राव भी शामिल रहे। कांग्रेस प्रवक्ता रहे डॉ दासोजू श्रवण कुमार ने पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी पर निरंकुश तरीके से कामकाज का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उल्लेखनीय है कि मुनूगोडू से कांग्रेस विधायक कोमातिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने इस हफ्ते की शुरूआत में ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

# आयात घटाएं और निर्यात बढ़ाएं राज्य : प्रधानमंत्री

## कहा, भारत का संघीय ढांचा कोविड के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा

■ 'वोकल फॉर लोकल' का किया जिक्र
■ व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर दिया जोर




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार राज्यों से दुनियाभर में फैले भारतीय मिशनों के माध्यम से व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्यों को चाहिए कि वे अपने यहां आयात कम करें, निर्यात बढ़ायें और इसके लिए अवसरों की पहचान करें। उन्होंने कहा, हमें लोगों को जहां भी संभव हो स्थानीय सामानों का उपयोग करने को प्रोत्साहित करना चाहिए। ह्यवोकल फॉर लोकलह्व किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं है, बल्कि एक साझा लक्ष्य है। केंद्र और राज्यों के बीच प्रमुख नीति संबंधी मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की सातवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। जीएसटी संग्रह बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों को सामूहिक प्रयास करना होगा। यह हमारी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एनईपी-2020 काफी विचार-विमर्श के बाद तैयार की गयी है। हमें इसके कार्यान्वयन में सभी हितधारकों को शामिल करना चाहिए और इसके लिए एक स्पष्ट, समयबद्ध रोडमैप विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनईपी के कार्यान्वयन पर हर महीने निगरानी रखने की जरूरत है। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीखने के परिणामों, शिक्षकों के क्षमता निर्माण और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए की गई कई पहलों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए राज्यों को धन्यवाद दिया और आगे समर्थन का अनुरोध किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कोविड महामारी से उबरने में सभी राज्यों की सहयोगी संघवाद की भावना की सराहना की।

### शासी परिषद की बैठक में 23 मुख्यमंत्रियों भाग लिया

**शासी परिषद** की बैठक में 23 मुख्यमंत्रियों, 3 उपराज्यपालों और 2 प्रशासकों सहित केन्द्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। इसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान शामिल रहे। बैठक का संचालन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। प्रधानमंत्री ने बैठक के समापन भाषण में कहा कि भले ही जीएसटी संग्रह में सुधार हुआ है, लेकिन हमारी क्षमता बहुत अधिक है।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अकासा एयर की पहली उड़ान को किया रवाना

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को अकासा एयर की मुंबई से अहमदाबाद की पहली वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिल्ली और मुंबई दोनों जगह इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके मंत्रालय में राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त) उपस्थित रहे। पिछले महीने प्रसिद्ध निवेशक राकेश झुनझुनवाला और विमानन दिग्गज आदित्य घोष और विनय दूबे द्वारा संचालित अकासा एयर को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से एयर ऑपरेटर प्रमाणपत्र मिला था।

# पंजाब में आयुष्मान भारत में जालसाजी

**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** पंजाब में आयुष्मान योजना के तहत बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। अस्पतालों के इस योजना के तहत दिए गए 26 प्रतिशत बिल फर्जी पाए गए हैं। इसके बाद पंजाब सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है। सरकार ने निजी अस्पतालों के लगभग 250 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान पर रोक लगा दी है। पंजाब के 4,812 (26 प्रतिशत) दावे ऐसे हैं, जिनमें किसी न किसी तरह की अनियमितता है। यह दावे फर्जी पाए गए हैं। सरकार ने फर्जी दावे पेश करने वाली स्वास्थ्य एजेंसियों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में राज्य सरकार विजिलेंस जांच भी करवा सकती है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दिया जाता है। बीते वर्ष मार्च 2021 में पंजाब विजिलेंस ने इस योजना के तहत करोड़ों रुपये के एक घोटाले का भंडाफोड़ किया था, जिसमें निजी अस्पतालों ने स्मार्ट हेल्थ कार्ड रखने वाले लाभार्थी रोगियों के इलाज के लिए नकली बिल जमा करके दावे हासिल किए थे।




■ अस्पतालों के 26 प्रतिशत दावे फर्जी निकले
■ पंजाब सरकार ने 250 करोड़ रुपये के भुगतान पर लगाई रोक

### हरियाणा और हिमाचल में भी पाए गए फर्जी केस

पंजाब के अलावा हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी इस तरह के मामले सामने आए हैं। हरियाणा में 1349, जबकि हिमाचल प्रदेश में दो मामले सामने आए हैं। केंद्र ने तीनों राज्यों को फर्जी बिल भेजने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

### अगले साल योजना की जरूरत नहीं रहेगी : भगवंत मान

आयुष्मान भारत योजना को लेकर चल रहे विवाद के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि अगले साल इस योजना की जरूरत नहीं पड़ेगी। राज्य में खोले जा रहे मोहल्ला क्लीनिकों में ही मरीज ठीक हो जाएंगे। ध्यान रहे कि आयुष्मान भारत योजना केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त खर्च पर चलती है। पंजाब सरकार ने कई अस्पतालों को उनका भुगतान नहीं किया है, जिस कारण कई अस्पतालों ने इलाज बंद कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब अपने बलबूते पर मरीजों का इलाज करेगा। दिल्ली और बंगाल में सब का इलाज मुफ्त होता है।

# लेह में बसे तिब्बत निवासियों से मिले धर्मगुरु दलाई लामा

**लेह।** धर्मगुरु दलाई लामा अपने एक माह के लद्दाख प्रवास पर लेह पहुंचे हैं। उन्होंने यहां बसे तिब्बत के निवासियों से मुलाकात की। यहां उन्होंने शांति, अहिंसा व मानवता का संदेश दिया। रविवार को धर्म गुरु दलाई लामा लेह के चोगलमसर में सोनमलिंग तिब्बत सेटेलमेंट पहुंचे।

जहां पर तिब्बत के झंडे लहराकर उनका तिब्बतियों ने स्वागत किया। चार साल के बाद दलाई लामा का तिब्बत सेटेलमेंट का यह पहला दौरा है। इस कार्यक्रम में दलाई लामा ने तिब्बत सेटलमेंट के निवासियों को शांति, अहिंसा व मानवता का संदेश दिया।

# आंध्र प्रदेश में 2300 करोड़ की दो सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति : गडकरी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में लगभग 71 किमी लम्बाई की दो सड़क परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं के निर्माण पर करीब 2308.31 करोड़ रुपये खर्च आएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को ट्वीट कर यह जानकारी देते हुए कहा कि भारतमाला परियोजना के तहत आंध्र प्रदेश में एचएएम मोड पर 2 परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज जिन दो परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें चिलकुरु क्रॉस रोड से तुर्पू कनुपुर तक कुल 36.05 किमी की लंबाई के साथ चार लेन एक्सेस नियंत्रित राजमार्ग के निर्माण के लिए 909.47 करोड़ रुपये और नायडुपेटा (ग्रीनफील्ड्स) से तुर्पु कनुपुर तक कुल 34.881 किलोमीटर की लंबाई के साथ छह लेन के निर्माण के लिए 1398.84 करोड़ रुपये का प्रावधान है।



सराहनीय

## अब गुरुकुल के छात्रों को मिलेगी भारतीय शिक्षा बोर्ड की डिग्री

# केंद्र सरकार ने बोर्ड का किया गठन

■ सीबीएसई बोर्ड की तरह नया बोर्ड दे सकेगा मान्यता



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**अयोध्या।** भारतीय शिक्षण मंडल एवं संतो के प्रयास से भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन की मंजूरी दे दी। बोर्ड के सात सदस्यों वाली समिति में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर, राष्ट्रीय कथा वाचक मोरारी बापू , योग गुरु बाबा रामदेव, गोविंद देव गिरी, योगाचार्य बालकृष्ण , श्री महावीर अग्रवाल , स्वामी मुक्ता नंद , पद्म श्री डा. पूनम सूरी , काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक रहे पंडित मदन मोहन मालवीय के भतीजे श्री गिरधर मालवीय , अवकाश अधिकारी डा. नागेंद्र प्रसाद सिंह शामिल है । इसके अतिरिक्त 20 सदस्यी एक्जीकेटिव बोर्ड बनाया गया है । भारतीय शिक्षण मंडल के शैक्षिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह प्रभारी डा. दिलीप सिंह ने रविवार को बताया की देश भर में चल रहे करीब 11 हजार से अधिक गुरुकुल प्रबंध समिति के सामने यह संकट बना रहा की उनके यहां से पढ़े हुए विद्यार्थी बिना मान्य प्रमाण पत्र के कहा जायेंगे और उनकी शैक्षिक योग्यता को किस मानक की कसौटी पर तौला जायेगा । वर्ष 2018 में भारतीय शिक्षण मंडल ने उज्जैन में विराट गुरुकुल सम्मेलन आयोजित किया था । जिसमें लगभग 6 देशों के गुरुकुल प्रतिनिधि सहित भारत के अनेक विधा से चलने वाले गुरुकुलों ने भाग लिया था । सम्मेलन में पहुंचे तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के समक्ष शिक्षण मंडल ने बोर्ड के गठन का प्रस्ताव दिया था । जिसकी घोषणा गत 5 अगस्त 2022 को भारत सरकार द्वारा की गई । इस बोर्ड से गुरुकुल शिक्षा पद्धति में अध्ययनरत विद्यार्थियों को हाई स्कूल व इंटर मीडियट की सीबीएससी बोर्ड के समकक्ष डिग्री को मान्यता मिलेगी। बोर्ड की गठन पर अयोध्या के अनेक गुरुकुलो में आज जश्न का माहौल रहा। श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल के संस्थापक संरक्षक श्री राम बल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास , श्री हनुमत सदन के पीठाधीश्वर शिक्षा विद महंत मिथलेश नंदनी शरण , जगतगुरु राम दिनेशाचार्य , गुरुकुल के कोष प्रमुख प्रो. आर के सिंह, प्रधानाचार्य दुखहरण नाथ मिश्र , आचार्य सदाशिव तिवारी , आचार्य शिवेश पांडेय सहित अनेक संतो महंतों व प्रबुद्ध जनों ने मानव संसाधन मंत्रालय के इस पहल का स्वागत करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया एवं गुरुकुल के बच्चो को मिष्ठान खिला के खुशी व्यक्त की ।



## संक्षिप्त-समाचार

### इंसानियत से बड़ी कोई चीज है: मोहम्मद वसीम दाऊदी



**विनोद धीमान, यमुनानगर।** हरियाणा कांग्रेस स्टेट एग्जीक्यूटिव एवं मकतबा दाऊ दिया सोसाइटी के संस्थापक मोहम्मद वसीम दाऊदी ने बताया कि आज समाज में सबसे बड़ी कमी मेरे नजरिए में यह है कि इंसानियत खत्म होती जा रही है। आज हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बन रहे हैं हालांकि सबसे पहले इंसान बनना चाहिए इंसानियत होनी चाहिए इंसानियत से बड़ी कोई चीज नहीं। जब आदमी बीमार होता है या कोई ट्रेजेडी हो जाती है तब उसको ब्लड की या किसी भी ऑर्गन की जरूरत होती है। उस वक्त वह यह नहीं देखता यह ब्लड हिंदू का है, मुसलमान का है, सिख का है, या ईसाई का है, उसको सिर्फ और सिर्फ नजर आता है ब्लड या फिर वह जो डोनेट किया हुआ ऑर्गन होता है। किसी तरह बस जान बच जाए इसी तरह आज हम सबको समाज में इंसानियत देखनी चाहिए जब बनाने वाले ने फर्क नहीं किया तो हम तुम कौन होते हैं कुछ गलत गतिविधियों के लोगों की यह सोची समझी साजिश है। कि आज हम सबको समाज में लड़ा कर अपना फायदा किया जाए इसलिए हमको हमेशा अच्छी सोच वाले के और सच्चे के साथ रहना चाहिए नेगेटिव लोगों से खुद भी बचाना चाहिए। और समाज को भी बचाना चाहिए यही आप सब से गुजारिश है दूसरी बात सबसे बड़ा जुर्म गुनाह किसी भी इंसान का नाहक दिल दुखाना है। चाहे वह कोई भी हो हिंदू भाई हो, मुस्लिम भाई हो, सिख भाई हो, ईसाई भाई हो, किसी भी जाति से हो हदीस का मफूम है एक इंसान पांच वक्त की नमाज पढ़े, रात को इबादत करें, दिन में रोजा रखे, पूरे दिन अल्लाह अल्लाह करे लेकिन अपने पड़ोसी का या किसी भी इंसान का नाहक दिल दुखाए तो वह जन्नत यानी स्वर्ग में नहीं जाएगा। मैं बार-बार एक बात कहता हूं कोई भी धर्म बुरा नहीं है मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च, यह सब आस्था की जगह है। इनको आस्था की जगह ही रहने दिया जाए इस पर राजनीति करना लोगों को लड़वाना बहुत बुरी बात है मेरा देश आगे बढ़ेगा इल्म से, एजुकेशन से, रोजगार से, आपसी भाईचारे से, आप सब से अपील है गुजारिश है आओ मिलकर इस को बढ़ाएं और अपने देश को उजव्वल भविष्य की तरफ ले कर जाये।

### 9 अगस्त को 15 किलोमीटर तिरंगा पद यात्रा निकालेंगे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**दर्शन सिंह, नीलोखेड़ी।** रविवार को नीलोखेड़ी अनाज मंडी में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की एक बैठक पूर्व हल्का नीलोखेड़ी प्रधान राजेश चोधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश 9 अगस्त को एआईसीसी के निर्देश पर पूरे भारत में भारत जोड़ो यात्रा के तहत प्रत्येक हल्के में 15 किलोमीटर तिरंगा पद यात्रा निकालना था। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए राजेश चोधरी ने कहा की सभी कांग्रेसी 9 अगस्त को नीलोखेड़ी गोल मार्किट में एकत्र होगे व यहाँ से पद यात्रा शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से पधाना व तरावड़ी के सभी मुख्य चौको से होते हुए निकलेगी। इसमें सभी कार्यकताओं के हाथ में पार्टी के झंडे होंगे व सबसे बड़ा एक राष्ट्रीय ध्वज होगा। कार्यक्रम का संचालन सीनीयर कांग्रेसी नेता अमरजीत धीमान ने किया व धीमान ने सभी कार्यकताओं की इस यात्रा को लेकर ड्युटी भी लगाई। बैठक को इंद्रजीत गोराया, प्रो राजेश वैध, राजेन्द्र बल्ला, नारायण दास वर्मा, रणधीर राणा, नितिन मल्होत्रा, राजपाल शर्मा, रामेश्वर वाल्मीकि, जसवंत सिंह, चरण देव कामरा, सुभाष बड़थल, राजीव बूटाना, अमित बराना, सुभाष सोलो, अविनाश कोर पोली ने सम्बोधित किया। बैठक में अमरजीत पूजम सरपंच, हरी राम वाल्मीकि, ईश्वर शर्मा, विक्रम राणा, सूनहरा वाल्मीकि, नरेश शर्मा, शमशेर लाठर, सर्वजीत सिंह समेत अनेको कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस समारोह हेतु सुभाष सुधा द्वारा निमंत्रण

**दर्शन सिंह, नीलोखेड़ी।** पंचनद स्मारक ट्रस्ट द्वारा 14अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित किए जाने वाले विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस समारोह हेतु निमंत्रण देने के लिए ट्रस्ट के हरियाणा के अध्यक्ष एवं विधायक सुभाष सुधा ने नीलोखेड़ी एवं तरावड़ी की पंचनद स्मारक ट्रस्ट की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया व आह्वान किया कि हरियाणा में पंजाबी समाज की ओर से पहला यह विशाल सम्मेलन होगा जिसमें एक लाख से ज्यादा लोग सम्मलित होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के अलावा हर पंजाबी समुदाय से संबंधित मंत्रियों व विधायकों को भी सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन को महामण्डलेश्वर एवं मार्गदर्शक स्वामी धर्मदेव जी, स्वामी अरुण दास जी व स्वामी दिव्या नंद जी भिक्षु सहित कई संत भी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। सुधा के अनुसार विभाजन विभिषिका से संबंधित करीब 200करोड की लागत से एक स्मारक भी सरकार की ओर से बनाया जाएगा। उन्होंने विभाजन की त्रासदी झेल चुके विशेषकर पंजाबी समुदाय को भारी संख्या में सम्मेलन में शामिल। होने का आह्वान किया। बैठक को पंजाबी सभा के महासचिव शिव नाथ कपूर व पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने भी संबोधित किया। बैठक में पंचनद स्मारक ट्रस्ट के नरेश चुघ, देवेन्द्र कामरा, शिव नाथ कपूर, सतनाम आहुजा, वेद कटारिया, सुरेंद्र भाटिया, बिशंबर लाल वर्मा, प्रेम सचदेवा, कपिल महेंद्रु, सूरज दुआ, गुलशन कत्याल, राज कुमार धवन, तरावडी के पार्षद सुरेंद्र खुराना, नरेश गाबा, राजीव नारंग, लोकेश सरदाना, योगेश मिड्ढा, अर्जुन भाटिया सहित काफी संख्या में पंचनद के सदस्य उपस्थित थे।

### हरियाणा की जनता बदलाव करने को तैयार केवल जनता के आशीर्वाद की प्रतीक्षा : सुशील गुप्ता

**ममता कश्यप, इंद्री।** आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग आप का दामन थाम रहे है। सदस्यता ग्रहण को लेकर हल्का इंद्री के गांव रिंडल में एक कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें राज्यसभा सांसद आप पार्टी के प्रभारी सुशील गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने टोपी पहन कर आप पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आम आदमी पार्टी 2024 में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों की ओर कदम बढ़ा रही है। पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग अपने आप आदमी पार्टी में शामिल हो रहे है। राज्यसभा सांसद और हरियाणा के प्रभारी सुशील गुप्ता गांव रिंडल पहुंचे। उन्होंने अपने हाथों से नवीन व काफी लोगों को पार्टी की टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। इस कार्यक्रम में पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहे। इस मौके पर बोलते हुए हल्का प्रधान अनिल वर्मा ने कहा कि 2024 में होने वाले चुनावों में उन्होंने 90 में से 90 सीटें जीतने का दावा ठोक दिया। आप पार्टी के नेताओं ने भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पंचायत चुनाव पर बोलते हुए सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार पंचायत चुनाव कराने से डर रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इस अवसर पर सुशील गुप्ता, नॉर्थ जोन प्रभारी चित्रा सरवारा, हल्का प्रभारी अनिल वर्मा, जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठी, योगेश्वर, प्रदेश उपाध्यक्ष बालकृष्ण कौशिक आदि काफी संख्या में नेता व लोग मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रूप नारायण चानना के निधन पर किया शोक प्रकट, परिजनों को दी सांत्वना

**शिव कुमार शर्मा, करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी एवं जाने माने व्यापारी रूप नारायण चानना के आकस्मिक निधन पर सैक्टर 13 में निवास पर जाकर शोक प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। रूप नारायण चानना का गत दिनों स्वर्गवास हो गया था। मुख्यमंत्री ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि रूप नारायण चानना मृदुभाषी व सरल व्यक्तित्व के धनी थे और समाजसेवा के कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते थे। उन्होंने कहा कि उनके आकस्मिक निधन से परिवार के साथ-साथ समाज को बड़ी क्षति पहुंची है। परमपिता परमात्मा दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। इस अवसर पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र, समाजसेवी जे.आर. कालड़ा, लाजपतराय, पार्षद वीर विक्रम कुमार तथा अमरनाथ सौदा ने भी परिजनों को सांत्वना दी।

### अनाजमंडी में श्री बांके बिहारी मित्र मंडल ने किया बांके बिहारी व खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या का भव्य आयोजन



**नरेश गर्ग, लाडवा।** लाडवा अनाजमंडी के बड़े शैड के नीचे शनिवार रात्रि शहर के श्री बांके बिहारी मित्र मंडल की ओर से एक शाम बांके बिहारी व खाटू श्याम बाबा के नाम भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। भजन संध्या में वृंदावन से आए बाबा श्री चित्र विचित्र बिहारी दास जी महाराज द्वारा भजनों का गुणगान किया गया। लाडवा के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें रिकॉर्ड तोड़ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के गुणगानों को सुना व दर्शन किये। मंडल के सचिव अजय मेहता ने बताया कि भजन संध्या का शुभारंभ स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी विजेन्द्र गोयल, कैम्ब्रीज आइलेट्स सेन्टर के डायरैक्टर भूपिन्द्र खानपुर, जसबीर पंजेटा, समाजसेवी प्रदीप गर्ग, नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना, समाजसेवी अंकुश गोयल, मंडी प्रधान बिमलेश गर्ग, समाजसेवी विशाल गर्ग सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने बाबा के दरबार में शीश झुकाया व पूजा अर्चना की। वहीं मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के बड़े आयोजनों से न केवल भक्ति भाव बढ़ता है। मौके पर मंडल प्रधान नरेश गर्ग, कोषाध्यक्ष हैप्पी जिंदल, उपप्रधान रॉकी, संदीप गोयल, संदीप जिंदल, गौरव मित्तल, मानव गर्ग, राघव सिंघल, वैभव चावला, हरीश सिंगला, संदीप कुमार, संजय कुमार, अश्विनी जैन, पवन बंसल, राजेश गर्ग, डज्ञ. अमृत गर्ग, अनिल माटा, अमित गर्ग, गगन मित्तल, रिप्पन गर्ग, दीपक अरोड़ा, अमित, अजय सिंगला, राकेश अरोड़ा, जितेन्द्र कुमार, पंकज कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### महिलाओं के हकों की लड़ाई लड़ रही इनेलो : सुनैना चौटाला

**रमन गुप्ता, कैथल।** इनेलो की प्रदेश महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला के नेतृत्व में रविवार को कैथल में इनेलो में काफी संख्या में लोगों ने इनेलो पार्टी को ज्वाइन किया। सुबह कैथल पहुंची सुनैना चौटाला ने अंबाला रोड स्थित इनेलो नेता अनिल तंवर क्योड़क के कार्यालय का रिबन काटकर शुभारंभ किया। यहां पर सुनैना चौटाला के नेतृत्व में समाजसेवी बबीता चौधरी ने अपनी टीम के साथ इनेलो पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान इनेलो जिलाध्यक्ष राजा माजरा, हल्का अध्यक्ष अनिल तंवर, बैकवर्ड सेल हल्का प्रधान दिलबाग मालखेडी भी मौजूद रहे। यहां इनेलो में शामिल होने पर बबीता चौधरी का सुनैना चौटाला ने स्वागत किया और कहा कि इनेलो में महिलाओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुनैना चौटाला ने कहा कि इनेलो लगातार महिलाओं के हकों की लड़ाई लड़ रही है। आज भाजपा जजपा सरकार में जिस तरह महिलाओं की स्थिति है, वह काफी चिंताजनक है।

# देश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे केंद्र सरकार: मनोहर लाल

## आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार कर रही हरियाणा सरकार

**■ देश की अर्थव्यवस्था में हरियाणा का महत्वपूर्ण योगदान: मुख्यमंत्री**



**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 7वीं बैठक में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने का हर प्रयास कर रही है और सतत आर्थिक विकास तथा समान सामाजिक व क्षेत्रीय विकास के एक नए युग का सूत्रपात करेगी। बैठक में नीति आयोग की तरफ से विश्वास दिलाया गया कि देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन करने के लिए आयोग राज्य सरकारों को पूरा सहयोग करेगा। वहीं देश का इंपोर्ट कम करने और एक्सपोर्ट बढ़ाने की दिशा में भी नीति आयोग ने राज्यों को विश्वास दिलाया है।

**राज्य की प्रति व्यक्ति आय देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में हरियाणा का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 74 हजार 635 रुपये है, जो देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक है। आर्थिक विकास के मानदण्डों पर भी हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा की विकास दर वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक लगातर 6 प्रतिशत से अधिक है। मैनुफैक्करिंग की विकास दर 10 प्रतिशत है, जो देश में सर्वाधिक है।

**प्रदेश में कृषि क्षेत्र में बागवानी और पशुपालन का शेयर बढ़ा**

बैठक के एजेंडा के बिंदुओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है। केन्द्रीय खाद्यान्न पूल में लगभग 15 प्रतिशत योगदान देता है, जबकि इसका क्षेत्रफल देश के कुल क्षेत्रफल का मात्र 1.34 प्रतिशत है। हमारी कृषि विकास दर लगभग 3.3 प्रतिशत वार्षिक है। प्रदेश में उत्पादकता अत्यधिक है, जो कि प्रति हेक्टेयर 1 लाख 57 हजार रुपये है। इससे स्पष्ट है कि हमारे यहां किसान की आय बढ़ रही है। प्रदेश में कृषि क्षेत्र में बागवानी और पशुपालन का शेयर बढ़ रहा है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में नवीन तकनीक और फसल विविधिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। धान की जगह अन्य फसलें बोने पर 'मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना में 7,000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

दैनिक सिटी दर्पण
पत्रकारों की आवश्यकता
हरियाणा प्रदेश के सभी जिला तथा ब्लॉक स्तर पर अनुभवी पत्रकारों की अवश्यकता है
संपर्क करें 9996946501



शिव कुमार शर्मा
हरियाणा प्रभारी

### पानी की किल्लत पर डाहौला के ग्रामीणों ने जलघर पर जड़ा ताला

**जींद।** गांव डाहौला के ग्रामीणों ने सात दिनों से पीने के पानी की किल्लत तथा कर्मचारियों के तबादले की मांग को लेकर रविवार को जलघर के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया।

ताला जड़ने की सूचना मिलते ही जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों की समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन देकर करीब एक घंटे से जलघर पर लगे ताले को खुलवाया।

### इंद्री थाना प्रभारी सेवानिवृत्त

**ममता कश्यप, इंद्री।** इंद्री थाने के इंस्पेक्टर सतपाल सिंह का सेवाकाल पूरा हो गया है। सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह में क्षेत्र के लोगों ने हजारों की तादाद में पहुंचकर फूल माला पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। यह कार्यक्रम इंद्री की अनाज मंडी में किया गया, जहां पर कई हजारों की तादाद में क्षेत्र के लोग इकट्ठे हुए उसके पश्चात ढोल नगाड़े के साथ पूरे शहर में एक जुलूस की तरह निकलते हुए बजाज पैलेस में विदाई पार्टी का प्रोग्राम किया गया। क्षेत्र के लोगों ने फूल माला पहनाकर सतपाल सिंह का स्वागत किया। क्षेत्र वासी सुदर्शन बजाज, महिंदर सिंह डोड कारसा, आदि ने कहा कि थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने हमेशा अपने सेवाकाल में लोगों के साथ मित्रता जैसा व्यवहार किया। लोगों ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी सतपाल सिंह को गुलदस्ता एवं उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। सतपाल सिंह एक कर्तव्यनिष्ठ और खुशमिजाज पुलिस अधिकारी है। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की।

### देश में हर हाथ को काम मिले, इसके लिए हथकरघा को बढ़ावा दें : बंडारू दत्तात्रेय



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत की उन्नति के लिए हर हाथ को काम मिलना चाहिए और यह लक्ष्य हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देकर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में पहले हाथ से उत्पाद बनाने की परंपरा थी जिसने हमारी आर्थिक व्यवस्था को जिंदा रखा है। आज फिर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत है।

राज्यपाल दत्तात्रेय रविवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में हस्तशिल्पयों द्वारा अपने हाथ से बनाए उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी को राज्यपाल ने रुचि लेकर देखा और हर स्टॉल पर रुक कर हस्तशिल्पकार से पूछा कि वह उत्पाद बनाने के लिए कच्चा माल कहां से लाते हैं, उत्पाद बनाने में कितना समय लगता है, उसके समूह में कितने व्यक्ति शामिल हैं, काम शुरू करने के लिए कितना पैसा लगाया था तथा उत्पादों की बिक्री की क्या व्यवस्था है। स्टॉल लगाने वाली ज्यादातर महिलाएं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाएं थी।

### फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसानों को दिया जाएगा कृषि यंत्रों पर अनुदान

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में फसल अवशेष प्रबंधन के प्रोत्साहन हेतु वर्ष 2022-23 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्र जैसे कि सुपर एसएमएस, बेलिंग मशीन, हैप्पी सीडर, रोटरी स्लेशर /श्रब मास्टर, पैडी स्ट्रॉ चोपर/ मल्चर, रिवर्सिबल प्लो, जीरो टिल ड्रिल, सुपर सीडर, ट्रेक्टर चालित/ स्वचालित क्रॉप रीपर / रीपर कम बाईंडर पर अनुदान देने के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजीकृत किसान समूह/ किसान उत्पादक संगठन/ ग्राम पंचायत को कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि व व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि दी जायेगी। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल पर 25 अगस्त, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### उत्तरी हरियाणा का नैकलेस होगा चीका-यमुनानगर एक्सप्रेस-वे

**■ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दी चीका-यमुनानगर एक्सप्रेस-वे की सैंद्धांतिक मंजूरी**

**रमन गुप्ता**

**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि चीका से यमुनानगर एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य की सैंद्धांतिक मंजूरी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा दी जा चुकी है। यूपी व उत्तराखंड जाने के लिए यह एक्सप्रेस-वे नए विकल्प के रूप में सामने आएगा। यह एक्सप्रेस-वे उत्तरी हरियाणा का नैकलेस होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस एक्सप्रेस-वे को बनाने का प्रस्ताव केंद्रीय सरकार को भेजा गया था। सरकार द्वारा इसकी सैंद्धांतिक मंजूरी दी जा चुकी है। नोर्थ हरियाणा के लिए यह एक्सप्रेस-वे नैकलेस जैसा होगा। यह इस क्षेत्र की चिरलंबित मांग थी। विधायक ने कहा कि जब मैं पूर्व में सांसद हुआ करता था, तभी से इस मार्ग की मांग लंबित थी। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से चीका क्षेत्र व्यापारिक दृष्टि से और भी अधिक उभरकर सामने आएगा। व्यापारियों के साथ-साथ किसानों, आम जन व प्रत्येक वर्ग का इस एक्सप्रेस-वे से आवागमन की और बेहतरीन सुविधा मिलेगी। यूपी व उत्तराखंड जाने का इस क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्र के लोगों को सीधा रास्ता मिलेगा और उनके समय की भी बचत होगी। उत्तर भारत के साथ बेहतरीन कनेक्टिविटी होगी और इसके साथ-साथ कई कस्बे भी इस एक्सप्रेस-वे से जुड़ेंगे। इन कार्यों की मंजूरी के लिए विधायक ईश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और विशेष तौर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट करते हुए क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद किया।

### समाज के उत्थान के लिए शिक्षित होना जरूरी: योगेंद्र राणा



**शिव कुमार शर्मा**

**करनाल।** वाल्मीकि महापंचायत सभा हरियाणा द्वारा जुण्डला प्रजापति धर्मशाला मे भगवान वाल्मीकि शिक्षा सम्मेलन जागृति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा द्वारा 500 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बवानी खेडा विधायक विशम्भर वाल्मीकि ने शिरकत की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने सम्मानित सभी मेधावी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि किसी भी समाज के उत्थान एवं विकास के लिए उस समाज का शिक्षित एवं संगठित होना बहुत जरूरी है। इसके बिना तो सामाजिक उत्थान की बात कोरी कल्पना मात्र है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। अगर यह बच्चे शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत व स्वस्थ्य रहेंगे तो समाज व देश भी मजबूत रहेगा। जिससे यह अपने परिवार, समाज व देश के विभिन्ना क्षेत्रों में बेहतर सेवा कर सकेंगे। इसकी चिंता माता-पिता व समाज को भी करनी होगी। इससे बच्चे भविष्य में परिवार, समाज व देश को बेहतर सेवाएं देकर अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन कर सके।

उन्होंने वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित जागृति अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों का होसला बढाने का काम करते हैं और भविष्यमे एक दूसरे से आगे बढने मे उनमे आपस मे मे प्रतिस्पर्धा का माहौल बनता है।

### महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करें महिला उद्यमी: बलजीत कौर

**चंडीगढ़।** हेल्थ एंड फेमिली वेलफेयर पंजाब की सहायक निदेशक डाक्टर बलजीत कौर ने महिला उद्यमियों को चाहिए कि वह अपने साथ कम से कम दस महिला स्वरोजगार के अवसर प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक महिलाएं स्वाबलंबी बन सकें। हेल्थ एंड फेमिली वेलफेयर पंजाब की सहायक निदेशक डॉ कौर रविवार को वूमैन इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में सीआईआई सभागार में आयोजित हेल्थ कान्क्लेव को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य समाज के लिए महत्वपूर्ण विषय है। महिलाओं को अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए एकजुटता दिखानी होगी। कान्क्लेव के दौरान डब्ल्यू आइसीसीआई की पूर्व उपाध्यक्ष एवं काउंसिल मैंबर शिवांगी बंसल ने जब भगवान शिव के अर्द्ध नारेश्वर रूप में तांडव पेश किया तो सभागार में मौजूद महिला उद्यमियों ने खड़े होकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### हर घर तिरंगा अभियान के लिए बिजली मंत्री ने किया प्रधानमंत्री का धन्यवाद

**■ भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर किया स्वतंत्रता सेनानियों को नमन**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने प्रदेशवासियों को आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन प्रजातांत्रिक तरीके से किया गया विश्व का सबसे बड़ा आंदोलन था।

भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता सेनानी संगठन के तत्वावधान में सोनीपत के स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने तिरंगा फहराते हुए भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर चरण वंदना की। इस दौरान उन्होंने वीर स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के साथ-साथ कारगिल के शहीदों को भी नमन किया।

उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन प्रजातांत्रिक तरीके से किया गया विश्व का सबसे बड़ा आंदोलन था, जिसके इतिहास को जिंदा रखा गया है। इसके लिए स्वतंत्रता सेनानी संगठन बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना उनके लिए सौभाग्य की बात है। बिजली मंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत 13 से 15 अगस्त तक घर-घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि जन-जन तक झंडे को पहुंचाने के लिए यह बेहतरीन कार्यक्रम है। साथ ही, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सच्चा सम्मान यही है कि हम देश की एकता व अखंडता को बनाये रखें। देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी से करते हुए इसे और मजबूती प्रदान करें तथा देश के साथ जुड़े रहें।

### अब बेटियों को आत्मरक्षा और वाहन चलाने का मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत हरियाणा महिला विकास निगम ने प्रदेश में बेटियों को आत्मरक्षा और वाहन चलाने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना के पहले चरण में प्रदेश के पांच जिलों से पात्र बेटियों को दो अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 22 अगस्त तक आवेदन किए जा सकेंगे। रविवार को यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि बीते आठ साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में हरियाणा में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रभावी योजनाएं चलाई जा रही हैं। शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य के साथ-साथ बेटियों को सामाजिक, आर्थिक स्तर पर मजबूत बनाने के संकल्प के साथ काम किया जा रहा है। बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रदेश सरकार कड़े कानून बनाने के साथ-साथ महिला सुरक्षा की चिंता करते हुए अलग-अलग विभागों के सामंजस्य से योजनाएं बनाकर काम कर रही है।

**प्रतिभा** पाइट स्कूल एनएफएल की दस छात्राओं को मिली कामयाबी

## सैटेलाइट आजादी सेट की टीम में पानीपत की 10 छात्राएं भी, इसरो से हुआ लांच

**■ इसरो ने बेटियों को अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूक करने और उनकी प्रतिभा को अवसर देने के लिए स्पेस किडस इंडिया मिशन शुरू किया**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पानीपत।** अंतरिक्ष में भी हरियाणा के पानीपत का नाम पहुंच गया है। गौरव के पल पानीपत की 10 बेटियों की प्रतिभा से मिला है। पानीपत की इन बेटियों एक खास सैटेलाइट बनाने में अहम योगदान दिया है। इसे आज इसरो ने श्रीहरिकोटा से राकेट द्वारा लांच किया। इस मौके पर पानीपत की ये बेटियां श्री हरिकोटा पहुंची थीं। ये छात्राएं पानीपत के एनएफएल स्थित पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की हैं। दरअसल, इसरो ने बेटियों को अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूक करने और उनकी प्रतिभा को अवसर देने के लिए स्पेस किडस इंडिया मिशन शुरू किया है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर तय किया गया कि देशभर के 75 स्कूलों की बेटियों से सैटेलाइट बनवाई जाएं। पाइट स्कूल एनएफएल की दस छात्राओं को मिली कामयाबी, सैटलाइट लांच होते खुद देखा। इन्हीं सैटेलाइट को अंतरिक्ष में स्थापित किया जा रहा है। इनका नाम रखा गया सैटेलाइट आजादीसैट। पानीपत के इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी कॉलेज में आसपास के 13 स्कूलों की बच्चियों को ट्रेनिंग दी गई। यहीं पर छात्राओं ने सैटेलाइट बनाए और प्रोग्रामिंग की। आखिरकार, पाइट स्कूल की दस छात्राओं के सैटेलाइट का चयन कर लिया गया। पहली बार स्माल सैटेलाइट लान्च व्हीकल (एसएसएलवी) अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया जा रहा है। यह महज आठ किलोग्राम का है। जमीन की मैपिंग में इस सैटेलाइट का इस्तेमाल होगा। पीएसएलवी को बनाने में सौ दिन लग जाते थे। छह सौ से ज्यादा लोग काम करते थे। पर इस सैटेलाइट को छह से सात लोग आसानी से एसेंबल कर सकते हैं। छात्राओं ने इसकी प्रोग्रामिंग की है। 12वीं की श्रेया का कहना है कि वह विज्ञानी बनना चाहती है। हमने जो सैटेलाइट बनाए, अब उन्हें अपनी आंखों से लांच होते देखना अद्भुत है। यह बेहद रोमांचभरा रहा। नौवीं कक्षा की शिनी का कहना है कि सैटेलाइट की ट्रेनिंग के वक्त सोचा था कि इनको एक बार देख लें।

### हरियाणा में मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण 23 ट्रेनें रद्द, 8 के रूट बदले

**भुपेंद्र शर्मा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खरावड़ रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली-रोहतक मार्ग पर रविवार को एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण रेल यातायात बाधित हो गया है। इस मार्ग से गुजरने वाली 23 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है जबकि पांच को शॉर्ट टर्मिनेट और आठ को डायवर्ट कर चलाया जा रहा है। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि परिचालन कारणों से (खरावड़ में मालगाड़ी के पटरी से उतरने) के कारण 23 ट्रेनों को रद्द किया गया है।

इनमें से 7 अगस्त को यात्रा शुरू करने वाली रेलगाड़ी संख्या 14323/14324 नई दिल्ली-रोहतक-नई दिल्ली, रेलगाड़ी संख्या 04456 रोहतक-दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04425/04426 दिल्ली-नरवाना-दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04431/04432 दिल्ली-जाखल-दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04089/04084 नई दिल्ली-हिसार/हिसार-जींद विशेष, रेलगाड़ी संख्या 04457/04454 दिल्ली-रोहतक/रोहतक-नई दिल्ली, रेलगाड़ी संख्या 04461/04462 दिल्ली-रोहतक-दिल्ली, रेलगाड़ी संख्या 14724 भिवानी-कानपुर कालिंदी एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04500/04499 रेवाड़ी-दिल्ली-रेवाड़ी विशेष, रेलगाड़ी संख्या 04941 गाजियाबाद -दिल्ली विशेष, रेलगाड़ी संख्या 04909 दिल्ली-पानीपत स्पेशल शामिल हैं।

वहीं 8 अगस्त को यात्रा करने वाली रेलगाड़ी संख्या 04910 पानीपत-दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04946 दिल्ली-गाजियाबाद स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04424 जींद-दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04509/04510 जाखल-लिधियाना-जाखल विशेष को भी रद्द किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि रेलगाड़ी संख्या 12482 श्रीगंगानगर-दिल्ली और रेलगाड़ी संख्या 14732 भटिंड-दिल्ली एक्सप्रेस को रोहतक में शॉर्ट टर्मिनेट किया गया।

## स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी जोरों पर



■ लहराएंगे साढ़े चार करोड़ तिरंगे

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**लखनऊ।** देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हर समारोह को प्रदेश सरकार ने जोरदार ढंग से मनाने की तैयारी पर ली है। 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत साढ़े चार करोड़ तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा है।

उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता सप्ताह 11 से 17 अगस्त और 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। इस दौरान सभी शहरों व गांवों में स्वच्छता अभियान के साथ पार्कों की सजावट की जायेगी। प्रदेशवासियों को सरकार की प्राथमिकताओं व उपलब्धियों की जानकारी दी जायेगी। हर घर तिरंगा अभियान को बेहतर अंजाम देने के लिए जिलों में भाजपा के कार्यालयों के साथ ही डाकघर से भी झंडा की बिक्री की जा रही है। रविवार को भी हर जगह झंडा बिक्री के लिए पोस्ट आफिस खोले गए हैं। देश के साथ प्रदेश में भी आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा लगाने के अभियान की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री और वितरण की सुविधा के लिए भी सरकार अपनी तरफ से लगी हुई है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी डाकघर स्वतंत्रता दिवस से पहले छुट्टी के दिनों में भी खुले रहेंगे। देश भर में डाकघर इस सार्वजनिक अभियान का हिस्सा बने हुए हैं। सार्वजनिक अवकाश के दिन यानी सात, नौ तथा 14 अगस्त को भी डाकघरों में कम से कम एक काउंटर के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री के लिए व्यवस्था की गई है।

# जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति निर्वाचन प्रमाणन पर किए हस्ताक्षर

## देश के 14वें उपराष्ट्रपति के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हुई

■ प्रमाणन की हस्ताक्षरित प्रति केंद्रीय गृह सचिव को सौंपी गई

■ चुनाव आयोग ने सहयोग के लिए रिटर्निंग ऑफिसर, ईसीआई ऑब्जर्वर, दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ की पूरी टीम की सराहना की



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने रविवार को संयुक्त रूप से भारत के अगले उपराष्ट्रपति के रूप में जगदीप धनखड़ के चुनाव प्रमाणन पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही देश के 14वें उपराष्ट्रपति के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हो गई। चुनाव आयोग के अनुसार राजपत्र में कार्यक्रम अधिसूचना के प्रकाशन के साथ पांच जुलाई को उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसका समापन आज जगदीप धनखड़ के भारत के चौदहवें उपराष्ट्रपति के रूप में चुनाव प्रमाणन पर हस्ताक्षर के साथ हुआ। प्रमाणन की हस्ताक्षरित प्रति केंद्रीय गृह सचिव को सौंपी गई। अब इसे 11 अगस्त को नए उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह के समय पढ़ा जाएगा।

चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के संचालन में उत्कृष्ट सहयोग के लिए रिटर्निंग ऑफिसर, ईसीआई ऑब्जर्वर, दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ की पूरी टीम की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए मतदान के बाद आए नतीजों में निर्वाचित घोषित हुए थे।

लोकसभा महासचिव एवं उपराष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचन अधिकारी उत्पल कुमार सिंह ने देर शाम उनके निर्वाचन की घोषणा की थी। संसद भवन में आयोजित मतदान कार्यक्रम के बाद शाम को मतगणना हुई। उपराष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की घोषणा करते हुए उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि जीतने के लिए 346 मत आवश्यक थे। जगदीप धनखड़ को 528 मत प्राप्त हुए जबकि मार्गरेट अल्वा को 182 मत मिले। उन्होंने बताया कि 780 के निर्वाचक मंडल में कुल 725 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। इनमें से 15 के मत अमान्य पाए गए। उपराष्ट्रपति पद के लिए राज्यसभा और लोकसभा के सांसद निर्वाचक मंडल का हिस्सा होते हैं।

## ओडिशा में भारी बारिश और भूस्खलन की चेतावनी



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सक्रिय मानसून के प्रभाव से राज्य भर में वर्षा जारी है। भुवनेश्वर मौसम विभाग ने 7 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने की जानकारी देने के साथ ही 10 अगस्त प्रदेश में भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। मछुआरों को गहरे समुद्र में ना जाने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन होने की भी सम्भावना मौसम विभाग ने जतायी है।

जानकारी के अनुसार, पश्चिम-मध्य में आंध्र तट के साथ एक सक्रिय चक्रवात के प्रभाव में 7 अगस्त को उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में एक कम दबाव का केंद्र बनने की संभावना है। इससे राज्य में अगले 10 अगस्त तक भारी बर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने आज से राज्य में बारिश की मात्रा बढ़ने का अनुमान जताया है। भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर जाने की संभावना है और कच्ची सड़कें और कच्चे मकान प्रभावित होंगे। भारी से बहुत भारी बारिश के प्रभाव में संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन की संभावना है। भुवनेश्वर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने किसानों को अस्थायी रूप से 10 तारीख तक जमीन पर कीटनाशक, उर्वरक और सिंचाई नहीं करने की जानकारी दी है। आज सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक बारिश की मात्रा दर्ज की गई है। पुरी में 87 मिमी बारिश हुई।

## पटना की सड़क पर प्रतिरोध मार्च के जरिए महागठबंधन का हल्लाबोल



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**पटना।** महंगाई और बेरोजगारी को लेकर बिहार में विपक्ष का सड़क पर हल्लाबोल अभियान शुरू हो गया है। राजद के नेतृत्व में महागठबंधन ने रविवार को प्रतिरोध मार्च निकाला। इस दौरान राबड़ी देवी ने आवास से प्रतिरोध मार्च बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तेज प्रताप एक बार फिर से अपने छोटे भाई तेजस्वी के सारथी बनते दिखे। तेज प्रताप ने खुद बस को चलाई और तेजस्वी उनकी बगल में बैठे दिखे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महंगाई को लेकर ये प्रतिरोध मार्च निकाला गया है।

मंहगाई, बेरोजगारी समेत अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दल रविवार को प्रतिरोध मार्च निकाल रही है। इसको लेकर तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव सगुना मोड से बस पर सवार होकर निकले। इस दौरान दानापुर के राजद विधायक रीतलाल यादव, श्याम रजक, भाई वीरेन्द्र, समेत माले के नेता भी बस पर सवार दिखे। इस दौरान सड़क पर समर्थकों की भीड़ का तेजस्वी अभिवादन करते नजर आए। समर्थकों को लगातार आगे बढ़ते रहने का इशारा भी वो इस दौरान करते रहे। प्रतिरोध मार्च निकलने से पहले राबड़ी देवी ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता का बुरा हाल है। देश के युवा परेशान हैं। वहीं तेजस्वी ने कहा कि आज हर जिला में महागठबंधन विरोध प्रदर्शन करेगा।

पटना में प्रतिरोध मार्च सगुना मोड़ से निकलकर बेली रोड, जेपी गोलंबर होते हुए पटना समाहरणालय तक जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए तेजस्वी यादव ने खुद तैयारियों की समीक्षा की थी। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जिला कमेटियों को मार्गदर्शन दे रहे थे। व्यापक जन अभियान चलाकर पर्चा, पोस्टर, बैनर और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से आमजनों को प्रतिरोध मार्च के बारे में जानकारी दी गई ताकि पटना की सड़क पर शक्ति प्रदर्शन किया जा सके।

## रक्षाबंधन पर छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाएगा पश्चिम रेलवे

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने रक्षाबंधन पर विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने दी है। पश्चिम रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 09207/09208 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस स्पेशल 2 फेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 09207 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 13 अगस्त, 2022 को 19.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.25 बजे भावनगर पहुंचेगी।

इसी तरह यह ट्रेन वापसी में 14 अगस्त को भावनगर टर्मिनस से 14.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 6.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर गेट, बोटाद, ढोला जंक्शन और भावनगर परा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे। विशेष ट्रेन संख्या 09208 भावनगर टर्मिनस से गुरुवार, 1 सितंबर, 2022 को 14.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 6.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09207 बांद्रा टर्मिनस से 2 सितंबर को 09.15 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 23.45 बजे भावनगर पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भावनगर परा, सोनगढ़, ढोला जंक्शन, बोटाद, सुरेंद्रनगर गेट, अहमदाबाद, नडियाद, वडोदरा, सूरत, वापी और बोरीवली स्टेशनों पर रुकेगी।

## श्री साई मंदिर से लाखों का स्वर्ण मुकुट चोरी, दो पुजारियों व गार्ड को खिलाया नशीला पदार्थ



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**महोबा।** यूपी के महोबा में श्री साईं मंदिर से सोने का मुकुट चोरी होने की घटना सामने आई है। भक्त बनकर आए बदमाशों ने प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर दो पुजारियों व गार्ड को अचेत करने के बाद घटना को अंजाम दिया। महोबा जिले में थाना पनवाड़ी के निसवारा गांव स्थित श्री साईं मंदिर में भक्त बनकर आए बदमाशों ने प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर दो पुजारियों व गार्ड को अचेत कर दिया। इसके बाद आरोपी सोने का मुकुट चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। अचेत अवस्था में पुजारियों व गार्ड को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। निसवारा गांव में आठ साल पहले भव्य श्री साईं मंदिर का निर्माण कराया गया था। जहां प्रतिदिन पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ जुटती है।

मंदिर में रात 8:40 बजे आरती के बाद मुकुट उतारकर कमरे में रख दिया जाता है और शयन के कपड़े पहना दिए जाते हैं। शनिवार रात करीब नौ बजे कुछ भक्त मंदिर पहुंचे और प्रसाद चढ़ाने के बाद दोनों पुजारियों व गार्ड को प्रसाद खिलाया। जिसके बाद तीनों अचेत हो गए। तब आरोपी कमरे में रखा सोने का मुकुट चोरी कर फरार हो गए। रविवार सुबह जब माली इश्वरदास मंदिर पहुंचा तो गार्ड डालचंद्र मंदिर के बाहर अचेत पड़ा था जबकि एक पुजारी दीपक गंगेले परिसर में और दूसरा पुजारी शिवकुमार मिश्रा बाथरूम में अचेत अवस्था में पड़े मिले।

घटना की सूचना तत्काल पड़ोसी स्कूल के प्रधानाचार्य को दी गई। तब तीनों को स्कूली बस से सीएचसी पनवाड़ी पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां तीनों का उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच जांच की। फिलहाल पुजारियों के होश में आने के बाद ही चोरी की सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सहकर्मियों पर गोली चलाने वाले सीआइएसएफ जवान को अदालत ने पुलिस हिरासत में भेजा



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कोलकाता।** बंगाल में कोलकाता के पार्क स्ट्रीट स्थित भारतीय संग्रहालय (इंडियन म्यूजियम) में ड्यूटी के दौरान अपने सर्विस राइफल से अपने सहकर्मियों पर अंधाधुंध गोली चलाने वाले सीआइएसएफ के आरोपित जवान को अदालत ने रविवार को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। शनिवार शाम हुई इस घटना में आरोपित जवान अक्षय कुमार मिश्र की गोली से एएसआइ रंजीत सारंगी की मौत हो गई थी जबकि असिस्टेंट कमांडेंट सुबीर घोष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घोष अस्पताल में भर्ती हैं। घोष संग्रहालय के सुरक्षा इंचार्ज हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, छुट्टी के विवाद में आरोपित जवान ने अपने सुरक्षा इंचार्ज यानी असिस्टेंट कमांडेंट को लक्ष्य कर सर्विस राइफल एके-47 से करीब 15 राउंड फायरिंग की थी। बाद में करीब डेढ़ घंटे के आपरेशन के बाद कोलकाता पुलिस के कमांडो दस्ते ने आरोपित जवान को काबू में किया था और उसे गिरफ्तार कर लिया था। इधर, आरोपित को रविवार को महानगर के बैंकशाल अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए 21 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इधर, अदालत में पेशी के दौरान मीडिया के सवाल पर आरोपित जवान अक्षय मिश्र ने कहा कि छुट्टी को लेकर असिस्टेंट कमांडेंट से उसका विवाद चल रहा था। उन्होंने स्वीकार किया कि असिस्टेंट कमांडेंट घोष ही उनके निशाने पर थे। दूसरी ओर, इस घटना में मृत एएसआइ रंजीत सारंगी के घर में मातम पसरा हुआ है। वह मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले थे।

## फोटोग्राफी के चक्कर में पानी में डूबने से दो की मौत

**सिरोही।** पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में रविवार को पानी में डूबने से दो टीचर की मौत हो गई। हादसा फोटोग्राफी करने के दौरान पैर फिसलने से हुआ है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पानी से बाहर निकालकर मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचित किया। पुलिस के अनुसार झुंझुनूं जिले के एक निजी कॉलेज के टीचर राजेश जाट और अमन जाट घूमने के लिए माउंट आबू आ रहे थे। माउंट आबू से महज तीन किलोमीटर पहले सड़क पर बहने वाले झरने के पास 7 लोगों में से दो लोग फोटोग्राफी करने लगे। इस दौरान एक टीचर पत्थर पर चढ़कर फोटोग्राफी करवाने लगा, तभी उसका पैर फिसल गया। टीचर गहरे पानी में गिर गया। साथी टीचर को डूबता देख, दूसरा उसे बचाने के लिए गया तो वह भी डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर गोताखोर टीम को बुलाया गया।

## तिब्बतियों से मिलने पहुंचे दलाई लामा, सोनमलिंग तिब्बत सेटेलमेंट पहुंचने पर हुआ स्वागत



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**जम्मू।** एक माह के लद्दाख दौरे पर आए दलाई लामा रविवार को लेह में बसे तिब्बत के निवासियों से मिले। दलाई लामा के लेह के चोगलमसर में सोनमलिंग तिब्बत सेटेलमेंट पहुंचने पर तिब्बत के झंडे लहराकर कर उनका जोरदार स्वागत हुआ।

चार साल के बाद यह दलाई लामा का तिब्बत सेटेलमेंट का पहला दौरा है। ऐसे में उनके दर्शन करने के लिए सुबह से ही तिब्बती लोगों की भारी भीड़ जमा थी। ऐसे में सुबह नौ बजे तक चले कार्यक्रम में दलाई लामा ने तिब्बत सेटलमेंट के निवासियों को शांति, अहिंसा व मानवता का संदेश दिया। उन्होंने लद्दाख में सांप्रदायिक सौहार्द को बरकरार रखने के लिए क्षेत्र के निवासियों की सराहना भी की। इस मौके पर सेटलमेंट में बसे तिब्बत मूल के 6500 के करीब लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान चोगलमसर में दलाई लामा का स्वागत करने वाले सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन लद्दाख के मुख्य प्रतिनिधि डुंडुप ताशी ने लद्दाख में अपनी गतिविधियों को लेकर रिपोर्ट भी पेश की। इसी बीच करीब एक घंटे के इस कार्यक्रम के दौरान तिब्बतन सेटलमेंट के निवासियों ने तिब्बती संस्कृति के प्रतीक लोग नृत्य व गीत भी पेश किए। उसके साथ सोनमलिंग तिब्बत सेटेलमेंट विलेज स्कूल के विद्यार्थियों व चांगथांग इलाके में बसे तिब्बती खानाबदोशों ने भी इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। इस मौके पर लेह नागरिक व पुलिस प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

सुबह साढ़े आठ बजे से लेकर नौ बजे तक सोनमलिंग तिब्बत सेटेलमेंट में दलाई लामा के कार्यक्रम के दौरान निजी, सार्वजनिक वाहनों को इस इलाके की ओर जाने की इजाजत नही थी। लद्दाख पुलिस ने इस संबंध में पहली ही अपनी ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी थी।

## जेल में पार्थ को देख कैदियों ने लगाए चोर-चोर के नारे

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कोलकाता।** शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को देखकर जेल में कैदियों ने चोर चोर के नारे लगाए तथा खूब गाली-गलौज की। उनकी महिला मित्र अर्पिता मुखर्जी को लेकर भी भद्दी फब्तियां कसी। मगर पार्थ ने इन्हें अनसुना कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, पार्थ चटर्जी को प्रेसीडेंसी जेल में साथी कैदियों के साथ दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा है।

रविवार सुबह प्रकोष्ठ के बाहर तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता मां काली के चित्र पर फूल चढ़ाने गए थे। जैसे ही वह अपनी कोठरी से बाहर आए अन्य कैदी ह्यचोर चोरह्व के नारे लगाने लगे। वे उन्हें तरह-तरह के अपशब्द कहने लगे। कुछ कैदियों ने मुंह में उंगलियां डालकर सीटी बजानी शुरू कर दी। कुछ कहने लगे देख केमन लाग । लेकिन पार्थ ने इन बातों को अनसुना कर दिया और सीधे अपने सेल की तरफ चल दिए। फिर शाम को जब कैदियों की गिनती की जा रही थी और कोठरी में प्रवेश किया जा रहा था, तो कुछ कैदी उन पर तरह-तरह के भद्दे इशारे करने लगे। अर्पिता मुखर्जी के नाम पर भद्दी फब्तियां भी कसने लगे। हालांकि पूर्व शिक्षा मंत्री उन कठोर टिप्पणियों को सुनकर प्रकोष्ठ में चले गए। जेल सूत्रों के मुताबिक, पार्थ चटर्जी वजन ज्यादा होने के कारण शुक्रवार रात फर्श पर बैठे थे। उनकी कोठरी में कोई चारपाई नहीं थी। एक कुर्सी भी नहीं थी, लेकिन कोठरी के शौचालय में एक कमोड था। इसलिए पूर्व मंत्री को पूरी रात उसी कमोड पर बैठकर गुजारनी पड़ी। फिर सुबह उन्होंने जेल अधिकारियों से बिस्तर के लिए गुहार लगाई। उनके अनुरोध पर एक चारपाई दे दी गई।

**मंजूरी** | हिमाचल प्रदेश बागवानी नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य बनेगा

# सरकार ने दी बागवानी नीति के ड्राफ्ट को मंजूरी

■ बागवानी नीति लागू होने से बागवानी से जुड़े प्रदेश के करीब 1.75 लाख परिवारों और 6000 करोड़ के फल उद्योग को बड़ी सौगात मिलेगी



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश बागवानी नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। प्रदेश सरकार ने बागवानी नीति के ड्राफ्ट को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर इसी साल नीति लागू करने की तैयारी है। इसी महीने हितधारकों के साथ इस पर चर्चा का पहला चरण पूरा होगा। इसके बाद इसे आम लोगों के सुझाव और आपत्तियों के लिए वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। नीति के तहत एशियन विकास बैंक वित्त (एडीबी) पोषित शिवा परियोजना के तहत फल उत्पादन के लिए आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाएगा। बागवानी नीति लागू होने से बागवानी से जुड़े प्रदेश के करीब 1.75 लाख परिवारों और 6000 करोड़ के फल उद्योग को बड़ी सौगात मिलेगी। विभिन्न फलों की खेती को प्रोत्साहन देने के मकसद से तैयार की जा रही इस नीति के जरिये हिमाचल प्रदेश को विश्व पटल पर फल राज्य के तौर पर पहचान दिलाने की कोशिश है। मौजूदा समय में प्रदेश में अकेले सेब का ही करीब 5000 करोड़ का कारोबार होता है।

बागवानी नीति के तहत फल उत्पादन में सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल होगा। इससे विभिन्न योजनाओं में दिए जाने वाले अनुदानों में पारदर्शिता आएगी। प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, भारी बारिश और सूखे से फल उत्पादकों को होने वाले नुकसान से बचाव की तकनीक उपलब्ध करवाने और राहत देने की भी व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त मंडियों में फल उत्पादकों के साथ होने वाली ठगी और धोखाधड़ी रोकने के भी पुख्ता बंदोबस्त होंगे।

- अमिताभ अवस्थी, बागवानी सचिव ने कहा कि बागवानी नीति के ड्राफ्ट को प्रदेश सरकार की ओर से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इसी महीने हित धारकों के साथ चर्चा का पहला चरण पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद इसे आम लोगों के सुझाव और आपत्तियों के लिए वेबसाइट पर डाला जाएगा। बागवानी नीति बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बनेगा।

## भाजपा के मिशन 144 में पालघर लोकसभा सीट शामिल

**मुंबई।** केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक पहुंचे और जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा उपेक्षित मामलों को अगले दो वर्षों में पूरा करने के लिए भाजपा लोक सेवा आयोग को लागू कर रही है। राज्य के 16 लोकसभा क्षेत्रों में लोकसभा प्रभाग योजना बनाई गई है। इसमें पालघर लोकसभा क्षेत्र को शामिल किया गया है और इस क्षेत्र में प्रवासी मंत्री की तौर पर केंद्रीय मंत्री बिश्वेश्वर टुडू पालघर दौरे पर आ रहे है जो क्षेत्र का जायजा लेंगे की केंद्र सरकार की हर योजना आम लोगो तक पहुँचती है या नही जिसके लिए वो जिले में अलग अलग 21 कार्यक्रमो में हिस्सा लेंगे जिसमे कुछ पार्टी के कार्यक्रम भी शामिल है। पालघर के मनोर में हुई भाजपा लोकसभा प्रवास योजना की मीटिंग में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, रवींद्र चव्हाण, भाजपा नेता बापजी कठोले, भाजपा जिलाध्यक्ष नंद कुमार पाटिल, वसई विरार अध्यक्ष राजन नाईक व संगठन महासचिव संतोष जनाठे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपराज्यपाल ने तिरंगा साइकिल रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को तिरंगा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने तिलक मार्ग से खान मार्किट तक इस रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, सदस्य कुलजीत सिंह चहल, सचिव विक्रम सिंह मलिक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस तिरंगा साइकिल रैली में 200 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया और नई दिल्ली में तिलक मार्ग से खान मार्केट तक इंडिया गेट, शाहजहां रोड, पृथ्वी राज रोड और राजेश पायलट मार्ग के रास्ते को कवर किया।

साइकिल रैली का समापन खान मार्केट में साइकिल चालकों द्वारा राष्ट्रगान के गायन के साथ हुआ। इस दौरान एनडीएमसी के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने सभी साइकिल चालकों, बाजार में आये ग्राहकों और मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

## असम में 320 नये कोरोना मरीजों की शिनाख्त

**गुवाहाटी।** असम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कोरोना के नये मरीज सामने आ रहे हैं। यहां 4 हजार से अधिक कोरोना के मरीज वर्तमान समय में इलारत हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी शनिवार रात तक के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में असम में कुल 320 नये मरीजों की शिनाख्त हुई है। राज्य में पॉजिटिव दर 5.49 प्रतिशत है।

24 घंटों के दौरान 463 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गयी। राज्य में सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या 4426 है। राज्य में अब तक कुल 2,85,81,842 लोगों की कोरोना जांच की गयी है। इसमें 7,41,502 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। अस्पताल से 7,29,054 मरीजों को छुट्टी मिल चुकी है। राज्य में रिकवरी दर 98.3 प्रतिशत दर्ज की गयी है। असम में अब तक कोरोना वैक्सीन की पहली डोज 2,46,56,959, दूसरी डोज 2,18,19,737 तथा बूस्टर डोज 25,15,531 दी गयी है।

# श्रीलंका में फिर भड़का आंदोलन, विक्रमसिंघे से मांगा इस्तीफा




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कोलंबो।** राष्ट्रपति सहित पूरी सरकार बदलने के बाद श्रीलंका में थमता नजर आ रहा जनांदोलन एक बार फिर भड़क उठा है। अब आंदोलनकारी राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से इस्तीफा मांग रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में रानिल विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति चुने जाने और फिर उनके नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद लगने लगा था कि श्रीलंका शांति की राह पर चल निकला है किन्तु ऐसा हो नहीं पा रहा है। श्रीलंका में राजनीतिक टकराव एक बार फिर उग्र रूप ले रहा है। आंदोलनकारियों के खिलाफ सरकार की सख्ती से देश भर में गुस्सा भड़क रहा है। श्रीलंका के चर्चित मजदूर नेता जोसेफ स्टालिन और अन्य आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के विरोध में मजदूर संगठनों ने देश भर में विरोध प्रदर्शन कर गिरफ्तार लोगों की रिहाई और राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के इस्तीफे तक विरोध जारी रखने का ऐलान किया है।

श्रीलंका में गोटा गो गामा विरोध का एक बड़ा केंद्र बन गया है। कोलंबो पुलिस ने गोटा गो गामा स्थल पर जमे प्रदर्शनकारियों से तत्काल यह स्थान खाली करने को कहा है। इसके लिए नोटिस भी जारी किये गए हैं किन्तु प्रदर्शनकारी जगह खाली करने को तैयार नहीं हैं। इन प्रदर्शनकारियों को विपक्ष का समर्थन भी मिल रहा है। श्रीलंकाई संसद में विपक्ष के नेता हर्षा डि सिल्वा ने गोटा गो गामा जाने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। डि सिल्वा ने ट्वीट कर कहा कि लगातार पांचवें दिन उन्हें गोटा गो गामा जाने से रोका गया है। उन्होंने इसे सांसद के रूप में अपने अधिकारों का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने कहा कि वे उन आंदोलनकारियों से मिलना चाहते थे, जिन्हें पुलिस गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

# चीन को कंट्रोल के लिए अमेरिका ने तैनात किया महाविनाशक सातवां बेड़ा

## नैंसी पेलोसी के दौरे का इस्तेमाल अपने आक्रामक सैन्य कार्रवाई को बढ़ाने के लिए नहीं करें

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने कहा है कि वह नैंसी पेलोसी के दौरे का इस्तेमाल अपने आक्रामक सैन्य कार्रवाई को बढ़ाने के लिए नहीं करे। आइए जानते हैं कि इस सातवें बेड़े की क्या है ताकत। क्या सातवें बेड़े से भयभीत हुआ अमेरिका। चीनी ड्रैगन पर नकेल कसने के लिए अमेरिका की बाइडन सरकार ने कमर कस ली है। पेंटागन ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस रोनाल्ड रीगन के नेतृत्व में सातवें बेडे.को डटे रहने का आदेश दिया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकंन ने चीन को चेतावनी दी है कि वह संकट को पैदा नहीं करे वरना इसके अंजाम अच्छे नहीं होंगे। अमेरिका ने कहा है कि वह नैंसी पेलोसी के दौरे का इस्तेमाल अपने आक्रामक सैन्य कार्रवाई को बढ़ाने के लिए नहीं करे। आइए जानते हैं कि इस सातवें बेड़े की क्या है ताकत। क्या सातवें बेड़े से भयभीत हुआ अमेरिका। इसके साथ यह भी जानेंगे कि अमेरिका ने कब-कब अपने महाविनाशक सातवें बेड़े का किया इस्तेमाल। नैंसी पेलोसी की यात्रा के बाद अमेरिका और चीन के मध्य तनाव के बीच अमेरिकी ने कहा है कि परमाणु एयरक्राफ्ट रोनाल्ड रीगन ताइवान के पास बना रहेगा। अमेरिका ने कहा है कि उसका सातवां बेड़ा हालात की निगरानी करेगा। चीन ने ऐलान किया है कि वह चार से लेकर सात अगस्त तक इस इलाके में टारगेटेड मिलिट्री आपरेशन करेगा। खास बात यह है कि अमेरिका ने यह कदम तब उठाया है जब, चीन ने गुरुवार को ताइवानी क्षेत्र के पास 11 मिसाइलें दागी थीं। इनमें से कुछ मिसाइलें ताइवान के ऊपर से निकली थीं। इसके बाद ताइवान जलडमरूमध्य में अमेरिका ने अपना सतावां बेड़ा तैनात किया है। परमाणु हथियारों से लैस अमेरिका का सातवां बेड़ा इस समय पूर्वी चीन और फिलीपीन्स सागर में गश्त लगा रहा है। वह चीनी नौसेना की हरकतों पर नजर रखे हुए है। रोनाल्ड रीगन कैरियर पर अमेरिका के सबसे आधुनिक कहे जाने वाले एफ-35 बी फाइटर जेट तैनात हैं। इसके साथ कई और विशाल और घातक युद्धपोत भी गश्त लगा रहे हैं। अमेरिका का यह एयरक्राफ्ट कैरियर परमाणु ऊर्जा से चलता है। यह कई घातक मिसाइलों से लैस है। अमेरिकी नौसेना का सातवां बेड़ा का नाम आते ही दुश्मन की हालत पतली हो जाती है। अमेरिका का सातवां बेड़ा अमेरिकी नौसेना का सबसे बड़ा अग्रिम तैनाती वाला बेड़ा है। इस बेड़े में 50 से 70 जहाज और पनड़ब्बियां शामिल हैं। इस बेड़े में करीब 150 युद्धक विमान सम्मिलत है। इसमें करीब बीस हजार नौसैनिक हर वक्त मुस्तैद रहते हैं। नौसेना की यह बड़ी और शक्तिशाली टीम समुद्री क्षेत्र में अमेरिकी हितों की रक्षा करती है। 75 वर्षों से अधिक यह सातवां बेड़ा भारतीय हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है। इसकी सक्रियता पश्चिमी प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में है। सातवें बेड़े का कार्यक्षेत्र 124 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक है। यह भारत-पाकिस्तान के क्षेत्र मे फैला है। इसके संचालन क्षेत्र में 36 देश शामिल हैं। इसमें दुनिया की आधी आबादी शामिल है। अमेरिका का सातवां बेड़ा दक्षिण चीन सागर में दूसरी बार दिखा है। इसके पूर्व यह ऐसे वक्त दिखा था जब ड्रैगन ने अमेरिका को सख्त चेतावनी दी थी कि उसको ताइवान के साथ सैन्य सहयोग बंद कर देना चाहिए। जनरल ली जुओचेंग ने हाल में अपने अमेरिकी समकक्ष जनरल मार्क मिले से कहा था कि चीन के पास



# इजरायल ने गाजा सिटी पर दागे मिसाइल, अब तक 24 लोगों की मौत

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**गाजा सिटी।** इजरायल के हमले में गाजा के कई घर तबाह हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अब तक 24 लोग मारे गए हैं जिनमें छह बच्चे भी शामिल हैं। साथ ही 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी इजरायल में फिलिस्तीनी हमले के बाद इजरायल ने गाजा पर हमले तेज कर दिए। हमास की ओर से इजरायल ने गाजा में विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया। इजरायल के हमले में गाजा के कई घर तबाह हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जिनमें छह बच्चे भी शामिल हैं। साथ ही 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

हवाई हमले में इजरायल ने फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया था। जिसके बाद फिलिस्तीन ने अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। शुक्रवार देर रात से दोनों ओर से सैनिक और विद्रोहियों के बीच लगातार दूसरे दिन भी हमले जारी रहे। इजरायल ने अपने हमलों में करीब 15 जेहादियों को मार गिराने का दावा किया है। इजरायली सेना ने शनिवार शाम कहा कि लगभग 450 रॉकेट और मोर्टर दागे गए थे, जिनमें से 350 मिसाइल को इजरायल में बनाया गया था। इजरायली सेना ने कहा कि फिलिस्तीन के हमले से दो लोगों को मामूली चोट आई हैं। साथ ही यह भी कहा कि पीआईजे के खतरे को देखते हुए उसने यह ऑपरेशन शुरू किया है। वहीं गाजा का इकलौता बिजली संयंत्र ईंधन की कमी के कारण बंद हो गया है। इससे गाजा के कई क्षेत्र में बिजली संकट पैदा होने की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि इजराइल और फिलिस्तीन के हमास के बीच 15 सालों में 4 युद्ध और कई छोटी झड़पें हुई हैं। मई में हुई लड़ाई में 200 फलस्तीनियों और इजरायल के दर्जनों लोगों की मौत हुई थी।



### हमास ने बनाई हुई है दूरी

गौरतलब हो कि इजराइल और हमास के बीच एक साल पहले संघर्ष हुआ था। इस साल की शुरूआत में भी लड़ाई की आशंका जताई गई थी। फिलहाल गाजा पर शासन करने वाला बड़ा उग्रावदी समूह हमास ने संघर्ष दूरी बनाई हुई है।

## यूक्रेन के बंदरगाह से तीन और जहाज अनाज लेकर रवाना

**इस्तांबुल।** संयुक्त राष्ट्र समझौते के तहत यूक्रेन के बंदरगाह से हजारों टन मक्का तीन और जहाज लेकर रवाना हुए। रूस द्वारा यूक्रेन पर लगभग छह महीने पहले आक्रमण के बाद से अनाज के निर्यात के लिए मध्यस्थता सौदा धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। अनाज की जिन देशों को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में बड़ी बाधाएं हैं। आयरलैंड, ब्रिटेन और तुर्की के लिए रवाना जहाज ने युद्ध की शुरूआत के बाद से पहली बार काला सागर को पार किया। तुर्की और संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच सौदे के तहत पहला जहाज इस सप्ताह की शुरूआत में अनाज लेकर लेबनान के लिए रवाना हुआ था। काला सागर क्षेत्र को दुनिया का ब्रेडबास्केट कहा जाता है, क्योंकि इस क्षेत्र में यूक्रेन और रूस गेहूं, मक्का, जौ और सूरजमुखी तेल के प्रमुख वैश्विक आपूर्तिकर्ता हैं, जो अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के कुछ हिस्सों में लाखों गरीब लोगों का भरण-पोषण करते हैं।

# चीन के जासूसी जलयान को नहीं मिली श्रीलंका में प्रवेश की अनुमति

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कोलंबो।** चीन के जासूसी जलयान को श्रीलंका में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। माना जा रहा है कि भारत के विरोध के चलते श्रीलंका की सरकार ने यह फैसला किया है।

चीन का जासूसी जलयान युआन वांग 5 आगामी 11 अगस्त को श्रीलंका हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचने वाला था। कहा गया था कि यह जलयान बंदरगाह पर ईंधन भरवाने और खाद्य आपूर्ति के लिए 11 अगस्त को लंगर डालने वाला है और फिर 17 अगस्त को रवाना हो जाएगा।

यह जानकारी आने के बाद भारत ने इस पर आपत्ति जताई थी। भारत की ओर से इस आपत्ति के पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था। इसके बाद श्रीलंकाई सरकार ने चीन के जासूसी जलयान को श्रीलंका में प्रवेश की अनुमति न देने का फैसला किया। श्रीलंकाई सरकार ने चीनी सरकार से कहा है कि वह हंबनटोटा बंदरगाह पर अपने अंतरिक्ष-उपग्रह ट्रैकर जहाज युआन वांग 5 की यात्रा को तब तक के लिए टाल दे, जब तक कि दोनों सरकारों के बीच कोई और सलाह-मशविरा न हो जाए। इस जलयान युआन वांग 5 का निर्माण 2007 में हुआ था और यह 11 हजार टन भार ले जाने में सक्षम है। मेरीन ट्रैफिक वेबसाइट के मुताबिक इस समय यह जलयान दक्षिण जापान और ताइवान के उत्तर-पूर्व में पूर्वी चीनी सागर में है। बताया गया कि युआंग वैंग-5 वास्तव में एक जासूसी पोत है, जो हंबनटोटा में लंगर डालकर समुद्री सतह की छानबीन करने का लक्ष्य लेकर यहां आना चाहता है। चीनी नौसेना के पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिहाज से यह जलयान संवेदनशील जानकारी जुटाने के मकसद से आ रहा है। इस जलयान के यहां रुकने का विरोध भी भारत ने इसी वजह से किया था।



# लद्दाख में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की तैयारी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल के सलाहकार उमंग नरूला ने स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाई जाए। नरूला ने लेह व कारगिल के डिप्टी कमिश्नर व अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों का जायजा लिया। स्वतंत्रता दिवस पर 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर नागरिक अपने घर में तिरंगा फहराएंगे। पर्यटन और संस्कृति विभाग के सचिव काचो महबूब अली ने बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए कार्य योजना व इसकी अहमियत बारे बताया। लेह व कारगिल के डिप्टी कमिश्नर ने दोनों जिलों में हर घर तिरंगा अभियान के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। सलाहकार को बताया गया कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय से झंडे प्राप्त हो रहे है। ग्रामीण विकास विभाग सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए झंडे बनवा रहा है। झंडे 22 रुपये के मूल्य पर उपलब्ध करवाए गए हैं। हर नागरिक को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हर विभाग की भूमिका है कि लोगों को अभियान, स्वतंत्रता संग्राम, सेनानियों बारे जागरूक किया जाए।

# क्वेटा में वाहन में रखे बम के फटने से पुलिसकर्मी सहित तीन घायल

### ■ क्वेटा के हजार गंजी इलाके में हुआ विस्फोट

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**बलूचिस्तान (पाकिस्तान)।** क्वेटा के हजार गंजी इलाके में रविवार को एक रिमोट विस्फोट हुआ। इस हादसे में एक पुलिसकर्मी सहित 3 अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को सिविल अस्पताल क्वेटा में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है। क्वेटा के हजार गंजी इलाके में रविवार को रिमोट से हुए विस्फोट में एक पुलिसकर्मी समेत कम से कम तीन लोग घायल हो गए। हाल के महीनों में, पाकिस्तान में बम हमलों के कई मामले सामने आए हैं। बम हजार गंजी बाजार के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल में लगाया गया था, पुलिस ने इस हालिया विस्फोट पर बात करते हुए बताया। पुलिस के मुताबिक आस-पास की दुकानों और खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचा है। इस बीच बचावकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को सिविल अस्पताल क्वेटा में भर्ती कराया गया। बमबारी के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने सबूत जुटाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। एक बयान में, मुख्यमंत्री बलूचिस्तान अब्दुल कुदस बिजेंजो ने हमले की निंदा की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रांतीय राजधानी में सुरक्षा कड़ी करने का भी निर्देश दिया है। इसी तरह की घटना में क्वेटा में ग्रेनेड विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कम से कम 11 अन्य व्यक्ति घायल हो गए।



## आईएसआईएस मॉड्यूल का आतंकी बटला हाउस से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को आईएसआईएस मॉड्यूल के एक आतंकी को बटला हाउस से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान बिहार निवासी मोहसिन अहमद के रूप में हुई है।

वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस का कट्टरवादी और सक्रिय सदस्य है जो काफी समय से एफ-8/27, जापानी गली, जोगाबाई एक्सटेंशन, बाटला हाउस में रह रहा था। सूत्रों के मुताबिक आरोपित के खिलाफ एनआईए ने बीते 25 जून को आईपीसी की धारा 153ए, और 153बी और यूए (पी) अधिनियम की धारा 18, 18बी, 38, 39 और 40 के तहत मामला दर्ज किया था।

# अमेरिका के ओहियो में अंधाधुंध गोलीबारी, 4 लोगों की मौत

## हमलावर की तलाश में जुटी पुलिस

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**ओहियो।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला ओहियो के बटलर टाउनशिप का है। यहां एक हमलावर ने लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसमें करीब 4 लोग मारे गए हैं। बटलर टाउनशिप के पुलिस प्रमुख जान पोर्टर ने कहा कि स्टीफन मार्लो नाम के एक व्यक्ति ने इस घटना को अंजाम दिया है। उसकी पहचान कर ली गई है और लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। बटलर टाउनशिप पुलिस प्रमुख ने एक बयान में कहा कि स्टीफन मार्लो की तलाश में एफबीआई, ब्यूरो आफ एल्कोहल-टोबैको, फायरआर्म्स एंड एक्सप्लोसिव्स (एटीएफ) की सहायता ली जा रही है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है कि मार्लो घटना को अंजाम देने के बाद ओहियो से बाहर भाग गया है। मीडिया पोर्टल के अनुसार, एफबीआई ने कहा कि उसके लेक्सिंगटन, केंटकी, इंडियानापोलिस और शिकागो में संबंध हैं और वह उन शहरों में से किसी एक जगह पर हो सकता है। पुलिस ने आरोपी की शारीरिक पहचान बताते हुए कहा कि वह 5 फुट 11 इंच लबा है।

**सैन्य अभ्यास** | चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी कर रही सैन्य अभ्यास

# चीनी सैन्य अभ्यास को लेकर बढ़ा तनाव, अब जवाब में ताइवान ने भी भेजे जहाज और विमान

### ■ नैंसी पेलोसी की यात्रा के बाद बढ़ा विवाद

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**ताइपे।** चीनी सैन्य अभ्यास के चलते चीन-ताइवान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। दोनों ही देश अब पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इस बीच चीनी सैन्य अभ्यास पर ताइवान की प्रतिक्रिया आई है।

इसके जवाब में ताइवान ने अपने जहाज और विमानों को भेजा है। चीन और ताइवान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। चीन ताइवान की समुद्री सीमा पर सैन्य अभ्यास कर रहा है। जिसको लेकर ताइवान की और से भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। इस बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा उसने द्वीप के चारों ओर चीनी सैन्य अभ्यासों पर उचित प्रतिक्रिया देने के लिए अपने विमान और जहाज भेजे थे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने जारी की प्रेस रिलीज स्व-शासित द्वीप के रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि कई चीनी सैन्य जहाजों, विमानों और ड्रोन ने रविवार सुबह ताइवान के पास संयुक्त अभ्यास करना जारी रखा है। जिसके जवाब में ताइवान ने द्वीप के चारों ओर चीनी सैन्य अभ्यासों पर उचित प्रतिक्रिया देने के लिए अपने विमान और जहाज भेजे थे।

इससे पहले ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि 68 चीनी सैन्य विमानों और 13 युद्धपोतों ने अभ्यास में भाग लेने के लिए मध्य रेखा को पार किया है। गौरतलब है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तीन अगस्त से ताइवान को घेरकर छह स्थानों पर सैन्य अभ्यास कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सैन्य अभ्यास में चीनी सेना ने बैलेस्टिक मिसाइल भी दागी हैं जो ताइवान की राजधानी ताइपे के ऊपर से होती हुई जापान के क्षेत्र में गिरी हैं। जापान ने इसकी निंदा की है। जबकि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इसे चीन का गैरजिम्मेदाराना कदम बताया है।

बता दें कि अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद से ही चीन-ताइवान के बीच विवाद बढ़ा है। चीन ने नैंसी पेलोसी के दौरे को लेकर अमेरिका को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। हालांकि, उन्होंने कहा था कि अमेरिका ताइवान को अकेला नहीं छोड़ेगा। अमेरिका हर परिस्थिति में ताइवान के साथ है।



# चीन में फिर बढ़े कोरोना के मामले, आंशिक रूप से बंद हुआ यिवू शहर

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**झेजियांग।** चीन में एक बार फिर कोरोना वायरस अपने पैर पसारने लगा है। कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए चीन के झेजियांग प्रांत में सख्त पाबंदियां लगानी शुरू कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के मध्य झेजियांग प्रांत के अधिकारियों ने यिवू शहर में सख्त कोविड-19 प्रतिबंध लगाया है।

इसके अलावा बड़े पैमाने पर परीक्षण भी किया जा रहा है। कनाडा स्थित एक समाचार पोर्टल क्राइसिस 24 के अनुसार, अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों को सलाह दी है कि जब तक आवश्यक न हो तब तक यिवू को न छोड़ें और अन्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को शहर में प्रवेश न करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिन लोगों को यिवू छोड़ने की आवश्यकता है, उन्हें 24 घंटे के भीतर एक हरा हरित स्वास्थ्य कोड और एक नकारात्मक न्यूक्लिक एसिड परीक्षण परिणाम प्रस्तुत करना होगा।

### ■ लागू होंगे और भी कड़े प्रतिबंध



इसके अलावा यिवू में मास टेस्टिंग चल रही है। बस सेवाओं को कम से कम 8 अगस्त तक निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इनडोर मनोरंजन और फिटनेस स्थलों को भी बंद रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं, करीब 16 उच्च और मध्यम जोखिम वाले क्षेत्रों में स्थानीयकृत लाकडाउन और घर में रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारी प्रभावित समुदायों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगाएंगे और आवाजाही प्रतिबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इन क्षेत्रों में चौकियों को लागू करेंगे। अधिकारी आमतौर पर नए पुष्टि किए गए सामुदायिक मामलों की नवीनतम तारीख के एक सप्ताह बाद तक उपायों का विस्तार करते हैं। प्रतिबंधों में ढील देने से पहले वे इन स्थानों पर परीक्षण के कई दौर आयोजित करेंगे। यदि नए कोविड-19 मामले सामने आते हैं तो प्रांतीय अधिकारी सख्त प्रतिबंध लगा सकते हैं। जिसमें सख्त नियंत्रण, जैसे घर पर रहने के आदेश और गैर-जरूरी व्यवसायों को बंद करना शामिल है। इसके अलावा नए मामले सामने आने पर सरकार एहतियात के तौर पर यिवू में सभा, व्यापार और यात्रा प्रतिबंध लगा सकती है। बता दें कि यिवू हांग्जो से लगभग 95 किमी (59 मील) दक्षिण में स्थित है।

सावन का आखिरी सोमवार आज

# तीन शुभ योग बनने के साथ ही कैलाश पर रहेगा शिवजी का वास

सावन का आखिरी सोमवार 8 अगस्त को है। इस दिन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति से तीन शुभ योग बन रहे हैं। वहीं, दोपहर बाद द्वादशी तिथि शुरू हो जाने से शाम को पूजा के वक्त शिवजी का वास कैलाश पर्वत पर रहेगा। विद्वानों के मुताबिक इस संयोग में की गई पूजा का पुण्य कभी खत्म नहीं होता है। शिव पूजा के लिए सावन का सोमवार बहुत खास होता है। इस दिन शिव जी की विशेष पूजा-अभिषेक और मंत्र जाप के साथ ही दिनभर व्रत रखने की परंपरा है। शिव पुराण के मुताबिक ऐसा करने से महापुण्य मिलता है। इस पुराण में ये भी बताया है कि सावन सोमवार को सूरज डूबने के बाद प्रदोष काल में भगवान शिव और पार्वती की पूजा करनी चाहिए।

सावन के इस आखिरी सोमवार को ज्येष्ठा नक्षत्र में चंद्रमा रहेगा। इस नक्षत्र के देवता इंद्र हैं और संयोग से इस दिन इंद्र योग भी बन रहा है। इस दिन द्वादशी होने से शिवजी का वास कैलाश पर रहेगा। साथ ही इस दिन तिथि, वार और नक्षत्र के संयोग से पद्म और रवियोग भी रहेंगे। इसलिए इन शुभ योगों में की गई शिव पूजा का शुभ फल कई गुना बढ़ जाएगा। ज्येष्ठा नक्षत्र होने से नए कामों की शुरूआत, नई नौकरी ज्वाइन करना, जिम्मेदारी लेना इस दिन शुभ रहेगा। साथ ही इस दिन खरीदारी का भी शुभ मुहूर्त रहेगा।



### कैसे करें सावन सोमवार की पूजा

इस दिन सुबह जल्दी उठकर पानी में काले तिल डालकर नहाना चाहिए। इसके बाद भगवान पूजा करें। सावन सोमवार को ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए पूरी पूजा करनी चाहिए। इस दिन पानी में दूध मिलाकर शिवजी पर चढ़ाना चाहिए। इसके अलावा पंचामृत और फलों के रस से भी शिवजी का अभिषेक करने का विधान बताया गया है। इसके बाद फूल, पत्र, धूप-दीप और आखिरी में नैवेद्य लगाकर आरती करने से सावन सोमवार की पूजा पूरी हो जाती है। सावन सोमवार को शाम में शिव मंदिर में तिल के तेल का दीपक भी लगाना चाहिए।

### पूजा विधि

सबसे पहले शिवलिंग पर शुद्ध जल, फिर दूध चढ़ाएं। पंचामृत और फिर फलों के रस से अभिषेक करें। फिर चंदन, अबीर, गुलाल, जनेऊ, फूल और बिल्वपत्र चढ़ाएं। इसके बाद फल चढ़ाकर धूप-दीप लगाएं और नवैद्य चढ़ाने के बाद आरती करें। शिवजी की पूजा में मदार के फूल, धतूरा और बिल्वपत्र चढ़ाना चाहिए। क्योंकि ये भगवान को बहुत प्रिय है। इनके साथ ही चावल, जौ, गेहूं, मूंग आदि अनाज भी चढ़ा सकते हैं।

### प्रदोष काल में शिव पूजा का पूरा फल

शाम को सूर्यास्त के बाद शिवजी की पूजा करने का विशेष महत्व है। क्योंकि सूरज डूबते ही प्रदोष काल शुरू हो जाता है और रात शुरू होने तक ये समय रहता है। इस तरह दिन और रात के बीच का समय जो तकरीबन 2 घंटे 24 मिनट का माना गया है। शिव महापुराण में बताया गया है कि इस वक्त शिवजी प्रसन्न मुद्रा में रहते हैं। इसलिए प्रदोष काल में विशेष पूजा से भगवान जल्दी ही प्रसन्न हो जाते हैं।

### शिव मंदिर में दीपदान

सावन सोमवार को शाम में शिव मंदिर में दीपदान करने की परंपरा है। इस दिन शिवजी को तिल के तेल का दीपक भी लगाने का विधान है। शिव पुराण में बताया है कि ऐसा करने से हर तरह की परेशानियां दूर होने लगती है। इस ग्रंथ के मुताबिक शिवलिंग के सामने तिल के तेल का दीपक जलाने से उम्र बढ़ती है और बीमारियों से राहत मिलने लगती है। सोमवार को किसी नदी या तालाब में आटे की गोलियां मछलियों को खिलाएं। ये काम करते हुए ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जाप करना चाहिए। गाय-बैल को हरा चारा खिलाएं। जरूरतमंद लोगों को भोजन और धन का दान करना चाहिए।

# पुत्रदा एकादशी आज: इस एकादशी पर व्रत और पूजा से मिलता है संतान सुख

सावन की दूसरी एकादशी को पुत्रदा एकादशी कहा जाता है। क्योंकि पुराणों के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु की पूजा के साथ ही व्रत रखने से संतान सुख मिलता है। ये व्रत साल में दो बार रखा जाता है। हिंदू कैलेंडर के मुताबिक पहली पुत्रदा एकादशी श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में आती है। जो कि 8 अगस्त, सोमवार को है। वहीं, दूसरी पौष माह के शुक्ल पक्ष में। श्रावण मास में भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है। इसलिए ये व्रत और भी खास हो गया है।



### श्रावणी एकादशी व्रत का महत्व

ऐसे लोग जो संतान सुख की कामना रखते हैं, उन्हें पुत्रदा एकादशी का व्रत जरूर रखना चाहिए। मान्यता है इस व्रत को करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा से उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान विष्णु का आशीर्वाद भी बना रहता है।

### कैसे करें ये व्रत

दशमी तिथि से ही एकादशी व्रत के नियमों पर चलने की मान्यता है। व्रत से एक दिन पूर्व ही सात्विक भोजन करें। एकादशी पर सुबह जल्दी उठकर स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें, फिर घर के मंदिर में दीपक जलाएं और व्रत का संकल्प लें। पूजा में धूप, दीप, फूल-माला, अक्षत, रोली और नैवेद्य समेत 16 सामग्रियां भगवान को अर्पित करें। भगवान विष्णु को पूजा में तुलसी दल जरूर अर्पित करें। इसके बिना उनकी हर पूजा अधूरी मानी जाती है। इसके बाद पुत्रदा एकादशी की व्रत कथा पढ़ें और आरती करें।

### दीप दान का महत्व

एकादशी पर भगवान विष्णु का स्मरण करके किसी पवित्र नदी, सरोवर में अन्यथा तुलसी या पीपल के वृक्ष के नीचे दीपदान का भी महत्व है। दीपदान करने के लिए आटे के छोटे-छोटे दीपक बनाकर उसमें थोड़ा सा तेल या घी डालकर पतली सी रुई की बत्ती जलाकर उसे पीपल या बढ़ के पत्ते पर रखकर नदी में प्रवाहित किया जाता है। साथ ही जरूरतमंदों को सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए।

### कथा सार

प्राचीनकाल में सुकेतुमान नामक एक राजा के यहां कोई संतान नहीं थी। वह महल, वैभव सब कुछ होने के बाद भी संतान न होने के दुख से चिंतित रहता था। कुछ समय बाद वह अपनी समस्या के निवारण के लिए भटकते हुए मुनियों के आश्रम में पहुंचा जहां उसे इस एकादशी के महत्व के बारे में ऋषियों ने बताया। जब राजा ने यह व्रत किया तो उन्हें संतान सुख की प्राप्ति हुई।

# नीलकंठ महादेव: समुद्र मंथन के दौरान शिव ने यहीं पिया था जहर

**देहरादून।** भक्त कहते हैं कि शिव जितनी जल्दी प्रसन्न होते हैं, उतनी ही जल्दी क्रोधित भी हो जाते हैं। इसीलिए शिव को भोलेनाथ और रुद्रनाथ दोनों ही रुप में जाना जाता है। सावन के दूसरे सोमवार के मौके पर हम आपको बता रहे हैं शिव के नीलकंठ मंदिर के बारे में, कि इस मंदिर का नाम नीलकंठ कैसे पड़ा और शिवभक्तों के लिए यह मंदिर क्यों खास है।



### सृष्टि को बचाने जब आगे आए शिव


हिंदु मान्यताओं के अनुसार, हजारों साल पहले अमृत पाने की लालसा लिए देवताओं और असुरों के बीच समुद्रमंथन हुआ था। इस मंथन में अनेकों चीजें निकली। जिसे देवताओं और असुरों ने आपस में बांट लिया, लेकिन अमृत नहीं निकला।

इसी बीच हलाहल विष उसमें से बाहर निकला। ऐसी मान्यता थी कि जब तक कोई विषपान नहीं कर देता, अमृत मंथन से बाहर नहीं आएगा। सभी देवता और असुर एक-दूसरे को ताकने लगे। कोई भी विष को पीने की हिम्मत नहीं जुटा पाया।यह भी कहा जाता है कि विष पीने के बाद शिव का गला नीला पड़ गया था। इसीलिए शिव को नीलकंठ भी कहा जाता है। जिस स्थान पर शिव ने विष पान किया, वहीं नीलकंठ महादेव का मंदिर स्थापित है।ऋषिकेश से 32 किलोमीटर दूर जंगल की ओर नीलकंठ महादेव का मंदिर है। एकांत और जंगल के बीचों-बीच होने के कारण शिवभक्तों के लिए यह स्थान अतिप्रिय है। महाशिव रात्रि और सावन के महीने पर जलाभिषेक के अवसर पर बड़ी संख्या में शिवभक्त यहां आकर प्रभु का आशीर्वाद लेते हैं।भक्त अपने आराध्य शिव को बेल पत्ती, नारियल, फूल, शहद, फल और गंगा जल चढावे के रुप में अर्पित करते हैं। फरवरी से मार्च माह के बीच महाशिव रात्रि और जुलाई से अगस्त माह के बीच सावन के महीने में यहां बड़ी संख्या में कांवड़िये आकर शिव के दर्शन करते हैं।

# मुंडेश्वरी देवी मंदिर में बलि चढ़ाने के बाद दोबारा जी उठता है बकरा

भारत में कई ऐसे मंदिरों के बारें में सुना होगा जहां बलि चढ़ाई जाती है लेकिन आज हम आपको जिस मंदिर के बारें में बताने जा रहें हैं। उसका इतिहास बेहद निराला है क्योंकि इस मंदिर में बकरे की बलि तो चढ़ती है लेकिन बकरा मरता नहीं है और बलि के कुछ समय बाद दोबारा जिंदा होकर खुद ही चलता हुआ मंदिर से बाहर आ जाता है। जी हां, आपको बता दें, माता रानी का ये बिहार के कैमूर जिले के कौरा क्षेत्र में स्थित है। भगवान शिव और देवी शक्ति को समर्पित ये मुंडेश्वरी देवी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। मान्यता है कि मां दुर्गा चंड व मुंड नामक राक्षसों का वध करने के लिए इसी स्थान पर प्रकट हुई थी। चंड के वध के बाद मुंड इस स्थान पर एक पहाड़ी के पीछे छिप गया था। और इसी स्थान पर ही मां दुर्गा ने मुंड का वध किया था। इसी कारण ही इस स्थान को मुंडेश्वरी देवी के नाम से जाना जाता है।

मंदिर में स्थापित शिवलिंग से जुड़ी एक अदभुत बात ये है कि इस शिवलिंग का रंग दिन में कई बार बदलता है जो अपने आप में एक रहस्य है। कहा जाता है कि शिवलिंग का रंग सुबह के समय अलग होता है, दोपहर के समय अलग और शाम होते ही इसका रंग अलग हो जाता है।इस मंदिर में सबसे अजीबो गरीब परंपरा ये है कि इस मंदिर में बलि चढ़ाने की परंपरा अन्य मंदिरों से बिल्कुल अलग है क्योंकि यहां कि खास बात ये है कि इस मंदिर में जिस बकरे की बलि चढ़ाई जाती है उसकी जान नहीं ली जाती। सुनने में चाहे अजीब लगता है लेकिन ये सच है बलि चढ़ाने की प्रक्रिया भक्तों के सामने ही की जाती है। बलि चढ़ाते समय माता की मूर्ति के सामने ही पुजारी चावल के कुछ दाने मूर्ति को स्पर्श करवाने के बाद बकरे के उपर फेंकता है। चावल फेंकते ही बकरा मानो बेहोश सा हो जाता है, मानो उस में प्राण ही न बचे हों। और कुछ समय के बाद फिर इसी प्रकार दोबारा चावल बकरे पर फेंके जाते हैं और बकरा उठ जाता है। बलि चढ़ाने की क्रिया पूरी होने के बाद बकरे को छोड़ दिया जाता है। मंदिर में ये परंपरा सदियो से चली रही है जो इसे और भी अलग बनाती है।आपको बता दें, मंदिर में की गई बेहतरीन नक्काशी का उदाहरण मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही मिल जाता है। प्रवेश द्वार पर गंगा, यमुना के साथ ही अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां बनी हुई हैं। मुख्य गर्भगृह में चतुमुर्खी शिवलिंग और देवी मुंडेश्वरी के दर्शन होते हैं। इसके अलावा यहां अन्य देवताओं जैसे भगवान विष्णु जी गणेश जी के साथ ही सूर्य देवता की पूजा भी होती है।



## आज का राशिफल

**मेषः** बनते कार्यों में विघ्न आने की सम्भावना है। आपको भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी। बड़े भाई-बहनों की चिन्ता रहेगी। कुछ लोग ईर्ष्या वश आपको गलत सलाह दे सकते हैं। अनावश्यक यात्रा करने से बचें। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें।

**वृषः** करियर को लेकर मन विचलित रहेगा। छोटे-मोटे विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। मन में सन्देह की भावना न आने दें। परिजनों की चिन्ता हो सकती है। खर्चों को लेकर काफी चिन्तित रहेंगे। यदि निवेश की योजना बना रहे हैं तो फिलहाल अभी रुकें।

**मिथुनः** जीवनसाथी की सलाह का आपको करियर में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य आज कर सकते हैं। सन्तान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनायेंगे। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्कः** गृह कार्यों में आज व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। स्वच्छता का आपको ध्यान रखना चाहिये। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शान्तिपूर्ण तरीके से आपके काम होंगे। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखे।

**सिंहः** आपके पास नयी जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। आक्रोशित होने के बजाय धैर्यपूर्वक निर्णय लेना आपके हित में होगा। माता-पिता का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होगा। करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कन्याः** परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे। फोन के माध्यम से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। धन उधार लेते समय दातावेजों और एग्रीमेंट आदि की पूरी जांच-परख कर लें। सन्तान के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। ऑफिस के काम में मन नहीं लगेगा। भविष्य के बारे में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा।

**तुलाः** माता-पिता अपने बच्चों को विशेष समय देंगे। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जॉब में अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी। आज घर का माहौल बड़ा ही आनन्ददायक रहने वाला है। दोपहर के बाद का समय बहुत शुभ रहेगा।

**वृश्चिकः** नये व्यावसायिक सम्पर्क विकसित हो सकते हैं। अपने खान-पान को हेल्दी रखें। अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। किसी महिला की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

**धनुः** घर के इन्टीरियर में कुछ बदलाव कर सकते हैं। दैनिक दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। सन्तान के विवाह की चिन्ता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बितायेंगे। इसका लाभ आपको ऊर्जा में बढ़ोत्तरी के रूप में मिलेगा। दोपहर के बाद किसी समस्या का समाधान हो जायेगा।

**मकरः** परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अति आत्मविश्वास को अपने ऊपर हावी न होने दें। कार्यक्षमता में कुछ कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार मं उतार-चढ़ाव की परेशानी हो सकती है। अति आवश्यक कार्य दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

**कुंभः** घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। करियर को लेकर समस्याओं का समाधान होने की सम्भावना है। आय के नये स्रोत बनेंगे। आपके व्यक्तित्व में सुधार आयेगा। दोस्तों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। जॉब को लेकर आधिकारिक यात्रा हो सकती है।

**मीनः** स्व-रोजगार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है। अपनी रुचि के अनुसार ही काम करें तो अच्छा रहेगा। आपके मन में अच्छे और सात्विक विचार उत्पन्न होंगे। प्रेम-प्रसंग को पर्याप्त समय देंगे। ऑफिस में आपकी काबिलियत की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें।

# टपकेश्वर स्वयंभू शिवलिंग मंदिर : जहां पहली बार अश्वत्थामा ने चखा था दूध



देहरादून में पहाड़ की गोद में विराजमान भगवान टपकेश्वर स्वयंभू शिवलिंग मंदिर की प्राकृतिक छटा निराली है। जहां पहाड़ी गुफा में स्थित यह स्वयंभू शिवलिंग भगवान की महिमा का आभास कराती है तो वहीं मंदिर के पास से गुजरती टोंस नदी की कलकल बहतीं धाराएं श्रद्धालुओं को द्रोण और अश्वत्थामा के तप और भक्ति की गाथा सुनाती है। महर्षि द्रोण और अश्वत्थामा की तपस्या और शिव की पाठशाला की गवाह रही यह नदी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इस मंदिर की चरचा महाभारत में भी है। इस शिवलिंग की सबसे रोचक बात यह है कि द्वापर युग में शिवलिंग पर दूध की धाराएं गिरती थी।

### दूध प्राप्ति का आशीर्वाद दिया

कहते हैं कि दूध से वंचित गुरु द्रोण के पुत्र अश्वत्थामा ने भगवान भोलेनाथ की छह माह तक कठोर तपस्या की। अश्वत्थामा की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें दूध प्राप्ति का आशीर्वाद दिया और पहली बार अश्वत्थामा ने इसी मंदिर में दूध का स्वाद चखा था। टपकेश्वर को दूधेश्वर भी कहा जाता है। महर्षि द्रोणाचार्य की सिर्फ तपस्थली नहीं रही, बल्कि यहीं पर गुरु द्रोण ने भगवान शिव से शिक्षा भी ग्रहण की थी। द्वापर युग में टपकेश्वर को तपेश्वर और दूधेश्वर के नाम से भी जाना जाता था।

### भोले की उपासना करने की सलाह

कहा जाता है कि पहाड़ी गुफा में स्थित शिवलिंग स्थापित नहीं किया गया बल्कि स्वयं प्रकट हुआ है। इसलिए इसे स्वयंभू कहा जाता है। यहां देव से लेकर गंधर्व तक भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। पास ही कलकल बहती टोंस नदी जो द्वापर युग में तमसा नदी के नाम से प्रसिद्ध था, में जल क्रीडा करते थे। कहा जाता है कि जब महर्षि द्रोण हिमालय की ओर तपस्या करने के लिए निकले तो ऋषिकेश में एक ऋषि ने उन्हें तपेश्वर में भगवान भोले की उपासना करने की सलाह दी। गुरु द्रोण अपनी पत्नी कृपि केसाथ तपेश्वर आ गए। गुरु द्रोण जहां शिव से शिक्षा लेने केलिए तपस्या करते थे, वहीं उनकी पत्नी कृपि पुत्ररत्न की प्राप्ति केलिए जप करती थीं।

### शिव की महिमा पसंद नहीं आई

भगवान शिव प्रसन्न हुए और कृपि को अश्वत्थामा जैसा पुत्र प्राप्त हुआ, वहीं द्रोण को शिक्षा देने केलिए भगवान रोज आने लगे। मां कृपि को दूध नहीं होता था, इसलिए वो अश्वत्थामा को पानी पिलाती थीं। मां के दूध से वंचित अश्वत्थामा को मालूम ही नहीं था कि श्वेत रंग का यह तरल पदार्थ क्या है। अपने अन्य बाल सखाओं को दूध पीते देखकर अश्वत्थामा भी अपनी मां से दूध की मांग करते थे।

दिन प्रतिदिन अश्वत्थामा के बढ़ते हठ के कारण महर्षि द्रोण भी चिंतित रहने लगे। एक दिन महर्षि द्रोण अपने गुरु भाई पांचाल नरेश राजा द्रुपद के पास गए। राजा द्रुपद धन वैभव के मद में चूर थे। गुरु द्रोण के आगमन पर प्रसन्न तो हुए। लेकिन उन्हें द्रोण के मुख से भगवान शिव की महिमा पसंद नहीं आई। गुरु द्रोण ने उनसे अपने पुत्र के लिए एक गाय की मांग की। राजसी घमंड में चूर पांचाल नरेश द्रुपद ने कहा कि अपने शिव से गाय मांगों, मेरे पास तुम्हारे लिए गाय नहीं है। यह बात महर्षि द्रोण को चुभ गई। वो वापस लौटे और बालक अश्वत्थामा को दूध केलिए शिव की आराधना करने को कहा। अश्वत्थामा ने छह माह तक शिवलिंग के सामने बैठकर भगवान की कठोर आराधना शुरू कर दी तभी एक दिन अचानक श्वेत तरल पदार्थ की धारा शिवलिंग के ऊपर गिरने लगी।

### सब भगवान शिव की महिमा

यह देखकर अश्वत्थामा ने अपने माता पिता को इस आश्चर्य के बारे में बताया। महर्षि द्रोण ने जब देखा तो समझ गए कि यह सब भगवान शिव की महिमा है। फिर एक दिन भगवान भोलेनाथ उन्हें दर्शन देकर बोले की अब अश्वत्थामा को दूध के लिए व्याकुल नहीं होना पड़ेगा। उसी धारा से अश्वत्थामा ने पहली बार दूध का स्वाद चखा। उस समय जो भी भक्त भोले के दर्शन करने तपेश्वर आता था, वो प्रसाद के रूप में दूध प्राप्त करता था। कहते हैं यह सिलसिला कलयुग तक चलता रहा। पर बाद में भोले के इस प्रसाद का अनादर होने लगा। यह देखकर शिवशंकर ने दूध को पानी में तब्दील कर दिया।

# स्वप्न शास्त्र: सावन में सपने में दिखे सांप तो डरे नहीं



सपनों की दुनिया बड़ी ही निराली है। इसमें सपनों में हमें क्या दिखाई देगा उस पर किसी का वश नहीं चलता। सपनों में हमें अपने दोस्त, रिश्तेदार, कई जगहें और यहां तक कि जानवर भी नजर आ जाते हैं। वहीं सपने में सांप के नजर आने से जुड़े भी कई संकेत होते हैं। तो आइए जानते हैं स्वप्न शास्त्र के मुताबिक यदि सावन के महीने में सपने में सांप दिखाई दे तो इसका क्या मतलब है...

### ❖सावन में सपने में सांप देखना

हिंदू धर्म शास्त्रों में सावन का महीना भोलेनाथ की पूजा को समर्पित है और सांप यानी नाग देवता को भगवान शिव के गले का आभूषण माना गया है। ऐसे में स्वप्न शास्त्र के अनुसार सावन में सपने में सांप का दिखाई देना धन प्राप्ति और व्यापार में तरक्की का संकेत माना जाता है।

### ❖सावन ने सपने में शिवजी का डमरू दिखना

भगवान शिव के हाथ में सुशोभित डमरू सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। वहीं सपने में डमरू का दिखाई शुभ संकेत माना जाता है। स्वप्न शास्त्र कहता है कि यदि सावन में किसी को डमरू का सपना दिखाई दे तो इसका मतलब है कि आपके सभी अटके हुए काम बनने वाले हैं और आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### ❖सावन में सपने में नंदी के दर्शन होना

शस्त्रों के अनुसार मान्यता है कि अपनी मनोकामना भगवान शिव तक जल्दी पहुंचाने के लिए नंदी के कान में अपनी इच्छा कहनी चाहिए। वहीं सावन मास में सपने में भगवान शिव के वाहक नंदी के दर्शन बड़े शुभदायी माने गए हैं। कहा जाता है कि ऐसा सपना आने का मतलब है कि आपकी सारी इच्छाएं जल्द ही पूरी होने वाली हैं।

## आवश्यक सूचना

दैनिक सिटी दर्पण में प्रकाशित विज्ञापनों(डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों के संबंध में हमारा कोई दायित्व नहीं हैं। हमारा समाचार पत्र उनके दावों को सत्यापित नहीं करता। हमारी पाठकों को सलाह है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

# राष्ट्रमंडल खेल का नौवां दिन: भारतीय पहलवानों का रहा वर्चस्व, तीन स्वर्ण सहित जीते 6 पदक जीते

## खेलों में हिस्सा ले रहे सभी भारतीय पहलवानों ने जीते पदक



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**बर्मिंघम/नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2022 का नौवां दिन भारत के लिए एक और स्वर्णिम दिन रहा, जहां पहलवानों ने अपना वर्चस्व स्थापित किया और तीन स्वर्ण व तीन कांस्य पदक जीते। पैरा टेबल टेनिस में भाविना पटेल ने स्वर्ण जीता, तो एथलेटिक्स में 2 रजत पदक आए, वहीं लॉन बाउल्स में भारतीय फोर पुरुष टीम ने रजत पदक जीता।

मुक्केबाजी में तीन मुक्केबाजों ने कांस्य पदज जीता, तो चार ने फाइनल में प्रवेश कर भारतीय टीम के लिए पदक पक्के किये। इसके अलावा भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 4 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पैरा टेबल टेनिस में भाविना हसमुखभाई पटेल ने स्वर्ण जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में नाइजीरिया की इफेचुकवुदे क्रिस्टियाना को लगातार तीन गेमों में 12-10, 11-2, 11-9 से हरा दिया। नौवें दिन कुश्ती में बारतीय पहलवानों का वर्चस्व रहा, जहां भारत ने छह पदक जीते। विनेश फोगाट, रवि दहिया और नवीन ने स्वर्ण पदक जीता, तो पूजा सिहाग, पूजा गहलोत और दीपक नेहरा ने कांस्य पदक जीता। इस तरह कुश्ती में भारत को कुल 12 पदक मिले। इससे पहले दीपक पूनिया, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक को स्वर्ण पदक मिला था। अंशु मलिक को रजत से संतोष करना पड़ा था। वहीं, दिव्या काकरन और मोहित ग्रेवाल ने कांस्य पदक जीता था।

इस तरह भारत के सभी 12 पहलवानों ने पदक जीतने में सफलता हासिल की। एथलेटिक्स में भारत के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहा। प्रियंका गोस्वामी ने 10,000 मीटर रेस वॉक फाइनल में रजत पदक जीता, तो वहीं, अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता प्रियंका ने 43 मिनट और 38 सेकंड में मैराथन दूरी को कवर करते हुए अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सीडब्ल्यूजी 2022 में ट्रैक और फील्ड में भारत को तीसरा पदक दिलाया। उनसे पहले मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद में रजत) और तेजस्विन शंकर (ऊंची कूद में कांस्य) ने ट्रैक और फील्ड में भारत के लिए पदक जीते हैं। वहीं, अविनाश ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत पदक जीता। इन खेलों में भारत का यह 28वां और एथलीट में चौथा पदक है। अविनाश ने अपनी रेस 8.11.20 मिनट में खत्म की। इसके साथ ही उन्होंने तीन हजार मीटर रेस में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वो स्वर्ण पदक जीतने वाले अब्राहम किबिवॉट से सिर्फ 0.5 सेकेंड पीछे रहे। लॉन बॉल में पुरुष टीम (चार खिलाड़ी) को फाइनल में उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही भारतीय टीम को रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा है। 14 एंड के बाद भारतीय टीम यह मैच 18-5 से हार गई। भारत के लिए सुनील बहादुर, नवनीत सिंह, चंदन कुमार सिंह और दिनेश कुमार की जोड़ी ने कमाल किया है। भारतीय मुक्केबाज जैस्मीन लैंबोरिया, मोहम्मद हुसामुद्दीन और रोहित टोकस ने अपने सीडब्ल्यूजी 2022 अभियानों का समापन कांस्य पदक के साथ किया।

# भारतीय टीम ने चौथे टी-20 में वेस्टइंडीज को 59 रन से हराया

- श्रृंखला में ली 3-1 की अपराजेय बढ़त




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**फ्लोरिडा।** युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत शनिवार को भारत ने चौथे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 59 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। भारत ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 19.1 ओवर में 132 रनों पर सिमट गई।

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि अवेश खान, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई ने दो-दो विकेट चटकाए। 192 रनों का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज की शुरूआत खराब रही और उन्होंने अपने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को मात्र 18 रनों पर खो दिया। चौथे ओवर में डेवोन थॉमस सिर्फ एक रन बनाकर आवेश खान के शिकार हो गए। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन और मध्य क्रम के बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल ने विंडीज के लिए सबसे अधिक 24-24 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज के पांच खिलाड़ी दहाई के अंकों तक भी नहीं पहुंच सके। पहले बल्लेबाजी करने उतरे, ऋषभ पंत (44) और कप्तान रोहित शर्मा (33) की पारियों की बदौलत भारत ने 5 विकेट पर 191 रन बनाए। अक्षर पटेल ने अंत में कुछ बड़े शॉट लगाए और 8 गेंदों में 20 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं, संजू सैमसन ने 23 गेंदों में नाबाद 30 रन की शांत पारी खेली। सूर्यकुमार यादव (24) और दीपक हुड्डा (21) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। मेजबान टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय वेस्टइंडीज के लिए टी-20 में सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने 4 ओवर में 66 रन देकर 2 विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ ने भी 4 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट और अकील हुसैन ने 4 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया।

# हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोल्ड मेडल मैच में उतरेगी




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोल्ड मेडल मैच में उतरेगी। पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स खेल रही भारतीय महिला टीम के पास रविवार को इतिहास रचने का मौका है। भारत कॉमनवेल्थ गेम्स क्रिकेट के फाइनल में गोल्ड मेडल मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। इससे पहले सेमीफाइनल मैच में टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में 4 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में टीम ने पहले ही सिल्वर मेडल सुनिश्चित कर लिया है लेकिन उसकी नजर गोल्ड मेडल पर होगी और इसके लिए उन्हें चैंपियन टीम को हराना होगा।

टीम के अच्छी बात यह है कि सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ स्मृति मंधान ने तेज-तर्रार पारी खेली थी तो जेमिमा ने भी अच्छी तरीके से फीनिश किया था। इन दोनों के अलावा फाइनल मैच में भारत को कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी कप्तानी पारी खेलने की उम्मीद होगी। यदि आप भी इस ऐतिहासिक मुकाबले का देखना चाहते हैं तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों को जान लेते हैं। इंजरी की वजह से इस भारतीय गेंदबाज का एशिया कप से बाहर होना तय, खेलने पर भी बना सस्पेंस ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच इस फाइनल मैच को सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर जबकि इसके लाइव स्ट्रीमिंग को सोनी लिव ऐप पर देखा जा सकता है।

# इंजरी की वजह से भारतीय गेंदबाज हर्षल पटेल का एशिया कप से बाहर होना तय

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षल पटेल अपनी इंजरी की वजह से एशिया कप से बाहर हो सकते हैं तो वहीं टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए भी उनके खेलने पर सस्पेंस बन गया है। हर्षल पटेल साइड स्ट्रेन से पीड़ित हैं और इस हालात में ऐसा लग नहीं रहा है कि उनका चयन एशिया कप 2022 की टीम में किया जाएगा। एशिया कप 2022 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा सोमवार को की जाएगी।

वहीं हर्षल पटेल वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। आपको बता दें कि हर्षल पटेल को पसली में चोट लगी थी और वो इससे जूझ रहे हैं। इसकी वजह से हर्षल पटेल वेस्टइंडीज के खिलाफ कुछ टी20 मैच मिस कर चुके हैं और उनके ठीक होने में कुछ वक्त लगेगा जिसकी वजह से माना जा रहा है कि वो एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप 2022 के शुरूआती कुछ मुकाबले मिस कर सकते हैं। हालांकि अगर वो इंजर्ड रहे तो शायद ही उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए चुनी जाने वाली टीम में जगह मिले। 31 साल के हर्षल पटेल के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने भारत के लिए अब तक सिर्फ टी20 इंटरनेशनल मैच ही खेले हैं। उन्हें अब तक भारतीय टीम के लिए कुल 17 टी20 मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 23 विकेट लेने में सफलता हासिल की है। इंटरनेशनल लेवल पर टी20 क्रिकेट में उनका बेस्ट प्रदर्शन 25 रन देकर 4 विकेट रहा है साथ ही उनका इकानामी रेट 8.58 का रहा है। वहीं हर्षल पटेल के ओवरआल टी20 क्रिकेट करियर की बात करें तो ये अब तक काफी शानदार रहा है।

# भारतीय पुरूष हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में, दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराया




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**बर्मिंघम।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार देर रात बर्मिंघम में सेमीफाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराकर राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए अभिषेक (20'), मनदीप सिंह (28'), और जुगराज सिंह (58') ने गोल किए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रेयान जूलियस (33') और मुस्तफा कसीम (59') ने गोल किए। इस जीत के साथ भारत ने फाइनल में जगह पक्की कर ली और सोमवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में उतरेगी। मैच की शुरूआत भारत ने आक्रामक तरीके से की। ललित कुमार उपाध्याय ने विपक्ष के डिफेंस को परेशान करते हुए सर्कल में प्रवेश किया। इसके बाद कप्तान मनप्रीत सिंह ने अभिषेक को सर्कल के अंदर एक गेंद दी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के डिफेंस ने खूबसूरती से भारत के इस प्रयास को विफल कर दिया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों में से किसी को भी गोल नहीं मिला। मैच के पहला गोल 20वें मिनट में आया, जब अभिषेक ने सर्कल के किनारे से एक आश्चर्यजनक रिवर्स हिट के जरिये गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 28वें मिनट में मनदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाते हुए सामने से गेंद को नेट्स में मार दिया और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने 2-0 की बढ़त के साथ हाफटाइम में प्रवेश किया। दूसरे हाफ की शुरूआत भारत ने शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर से की और तुरंत दक्षिण अफ्रीकी रक्षा पंक्ति पर दबाव डाला। लेकिन वरुण कुमार के शॉट को विपक्ष ने रोक दिया। मैच के 33वें मिनट में रेयान जूलियस ने पेनल्टी को गोल में बदलकर दक्षिण अफ्रीका का खाता खोला और स्कोर 2-1 हो गया। कुछ मिनट बाद, अभिषेक का शॉट गोल पोस्ट की ओर गया, जिसे एक बार फिर गोवन जोन्स ने बचा लिया। मैच के 58वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर जुगराज सिंह ने भारत को 3-1 से आगे कर दिया, हालांकि अगले ही मिनट में मुस्तफा कासिम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए गोल कर स्कोर 3-2 कर दिया। भारत अंतिम सेकंड में अपना संयम बनाए रखने में सफल रहा और 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

# पहली तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़ा कृषि और प्रोसेस्ड फूड का निर्यात

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों में भारत के कृषि और प्रोसेस्ड फूड उत्पादों का निर्यात 31 प्रतिशत बढ़कर 7,408 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। वाणिज्यिक खुफिया और सांख्यिकी महानिदेशालय द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, एपीडा उत्पादों का कुल निर्यात अप्रैल-जून 2022 में बढ़कर 7,408 मिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5,663 मिलियन डॉलर था।

अप्रैल-जून 2022-23 के लिए निर्यात लक्ष्य 5,890 मिलियन डॉलर निर्धारित किया गया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाले कृषि और प्रोसेस्ड खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा की गई पहलों ने देश को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कुल निर्यात लक्ष्य का 31 प्रतिशत हासिल करने में मदद की है। कृषि और प्रोसेस्ड खाद्य उत्पादों की बास्केट के लिए एपीडा द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए 23.56 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीजीसीआईएंडएस के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, ताजे फल और सब्जियों में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि प्रोसेस्ड फलों और सब्जियों में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 59.71 प्रतिशत (अप्रैल-जून 2022) की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, अनाज और विविध प्रोसेस्ड वस्तुओं जैसे प्रोसेस्ड खाद्य उत्पादों ने पिछले वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में 37.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

# आइटीआर रिफंड की आनलाइन करें जांच




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** अगर आपको आयकर रिटर्न दाखिल किए हुए दस दिन से अधिक बीत चुके हैं तो आप रिफंड का स्टेटस ऑनलाइन चेक कर सकते हैं। इसके कुछ आसान तरीकों के बारे में हम आपको जानकारी दे रहे हैं। मूल्यांकन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख बीत चुकी है। जिन करदाताओं ने इस तारीख तक आइटीआर दाखिल किया है उनको रिफंड का इंतजार है। आयकर विभाग आइटीआर फाइल होने के 10 दिन बाद रिफंड की स्थिति जांचने की सुविधा देता है। ऐसे में जो करदाता रिफंड पाने के पात्र हैं और उन्हें आइटीआर फाइल किए 10 दिन से ज्यादा का समय बीत चुका है, वे आनलाइन अपने आइटीआर रिफंड की स्थिति जांच सकते हैं। हम आपको आइटीआर रिफंड की स्थिति जानने की आनलाइन प्रक्रिया बता रहे हैं।

सबसे पहले आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाएं। अपने यूजर आइडी और पासवर्ड का प्रयोग करके लाग इन करें। इसके बाद 'माई अकाउंट' पर जाएं और 'रिफंड / डिमांड स्टेटस' पर क्लिक करें। यहां मेनू बार पर नीचे की ओर देखें और 'इनकम टैक्स रिफंड का चयन करें। इसके बाद 'सबमिट' विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद अपने एकनालेज नंबर पर क्लिक करें। अब एक नया वेबपेज खुलेगा। इस पेज पर आपके आइटीआर संबंधी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। इस पेज पर रिफंड जारी होने की तारीख का भी उल्लेख होगा। पैन नंबर से भी जान सकते हैं रिफंड की स्थिति आइटीआर दाखिल करने वाले करदाता पैन नंबर का प्रयोग करके भी अपने रिफंड की स्थिति जान सकते हैं। इसके लिए एनएसडीएल की वेबसाइट पर लाग इन करना होगा। सबसे पहले एनएसडीएल की वेबसाइट पर जाएं। यहां पर अपना पैन नंबर सबमिट करें। सके बाद एसेसमेंट इयर 2022-23 का चयन करें और सबमिट विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद आइटीआर रिफंड की स्थिति आपके सामने खुल जाएगी। जो करदाता तय समय में अपना आइटीआर दाखिल करते हैं, उन्हें रिफंड पर ब्याज भी मिलता है। आयकर विभाग ऐसे करदाताओं को रिफंड पर 0.50 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज देता है। तय तिथि के बाद आइटीआर फाइल करने वाले करदाता रिफंड पर ब्याज पाने के पात्र नहीं हैं।

# इक्विटी मार्केट की बदल चुकी है स्थिति? बड़ी-छोटी कंपनियों पर नहीं भरोसा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** आजकल सब कुछ आनलाइन है। एक समय था जब बच्चे, टीचर के हाथ से लिखे रिपोर्ट कार्ड घर ले जाते थे और अपने मां-बाप से साइन करवाते थे। जो बच्चा अपने नंबरों को लेकर ज्यादा घबराता था, उसके लिए रिपोर्ट कार्ड में फेरबदल करने के दो मौके होते थे। वो या तो रिपोर्ट कार्ड के नंबरों में बदलाव कर दे, या मां-बाप के नकली साइन करे। कई बच्चों को इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं होती थी कि रिपोर्ट कार्ड में नंबरों का असल मायने क्या है। उन्हें सिर्फ इस बात की फिक्र रहती थी कि पेपर पर एक अच्छा एकेडमिक रिकार्ड कैसे बरकरार रहे। यही बात कई लिस्टेड कंपनियों पर लागू होती है। ऐसी कंपनियों के प्रमोटर उन बच्चों जैसे होते हैं, जिनके आडिटर किसी टीचर का रोल अदा करते हैं, और एनालिस्ट व इन्वेस्टर अभिभावक के रोल में होते हैं। इन कंपनियों का लक्ष्य सच बताना नहीं बल्कि वो भ्रम बनाना होता है, जो निवेशकों के लिए खड़ा किया जाता है। दरअसल, इनके प्रमोटरों के लक्ष्य अलग होते हैं और वो आम शेयरधारक के लक्ष्य से मेल नहीं खाते। पिछले कुछ दशकों में ऐसी कंपनियों की कई गलत मिसाल सामने आई हैं, जिनका खड़ा किया भ्रम निवेशकों के सिर पर मुसीबत बन कर फूटा। मगर हां, ये सिर्फ वो बड़ी घटनाएं हैं, जो लोगों की नजर में आ पाईं। इस तरह की सबसे बड़ी घटना सत्यम रही। मगर सत्यम दो तरह से अलग था। पहला, कंपनी का साइज और एक बढ़ती हुई इंडस्ट्री में उसका अहम रोल। दूसरा, किस तरह से रामलिंग राजू ने अंत तक इस भ्रम को बनाए रखा।

**पेंशन योजना** | एनपीएस में शामिल होने की अधिकतम आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दी गई है

# हर महीने 10 हजार रुपये लगाएं और डेढ़ लाख प्रतिमाह पेंशन पाएं




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** एनपीएस एक ऐसी योजना है जिसमें ग्राहकों को लगातार अच्छा रिटर्न मिलता है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) इसका प्रबंधन करता है। एनपीएस में शामिल होने की अधिकतम आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दी गई है। बढ़ती महंगाई के बीच अपना जीवन सम्मानजनक ढंग से बिताने के लिए आवश्यक है कि आपके पास एक अच्छी खासी रकम हो। लेकिन भविष्य के लिए पैसा जोड़कर उसे सुरक्षित रखना इतना आसान नहीं होता, खासकर तब, जब आप नौकरी से रिटायर हो चुके हों। उच्च मुद्रास्फीति दीमक की तरह आपके सेवानिवृत्ति कोष को काफी हद तक खत्म कर सकती है। ऐसे में मासिक पेंशन की एक अच्छी योजना आपकी बहुत सहायता करती है।

राष्ट्रीय पेंशन योजना एक ऐसी है योजना है जो न केवल आपको बेहतर रिटर्न देती है, बल्कि पेंशन के रूप में हर महीने आपको एक निश्चित आय देती है। इस योजना में आप हर महीने 10 हजार रुपये लगाकर 1.5 लाख रुपये प्रतिमाह पेंशन पा सकते हैं। कैसे, वह हम आपको बताते हैं। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और इक्विटी से जुड़ी राष्ट्रीय पेंशन योजना सबसे सुरक्षित और आदर्श रिटायरमेंट प्लान है। यह नागरिकों को वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई एक पेंशन-सह-निवेश योजना है। यानी इसमें आपको पेंशन तो मिलती ही है, साथ ही बढ़िया रिटर्न भी मिलता है।

एनपीएस सुरक्षित और बाजार-आधारित रिटर्न के माध्यम से आपको रिटायरमेंट की योजना बनाने के लिए एक आकर्षक अवसर तो देती ही है, साथ ही बचत भी कराती है। पीएफआरडीए द्वारा बनाया गया नेशनल पेंशन सिस्टम ट्रस्ट (एनपीएसटी) एनपीएस के तहत सभी संपत्तियों का रजिस्टर्ड ऑनर होता है। एनपीएस में इक्विटी का होना निवेश की लंबी अवधि के कारण रिटर्न को बढ़ाता है। इसमें निवेशकों को परिपक्वता मूल्य की 40 फीसद एन्युटी खरीदने की आवश्यकता होती है। एन्युटी इस बात की गारंटी देती है कि आपको हर महीने एक निश्चित राशि मिलती रहे। वहीं परिपक्वता के समय आप अधिकतम 60 फीसद धन की निकासी कर सकते हैं। इस प्रकार आपको एकमुश्त लाभ और नियमित मासिक पेंशन दोनों की सुविधा मिलती है। 60:40 इक्विटी और लोन अनुपात के साथ एनपीएस में आसानी से 10% का वार्षिक रिटर्न हासिल किया जा सकता है। एनपीएस कैलकुलेटर के अनुसार, एनपीएस खाते में 30 साल की अवधि के लिए 10,000 रुपये के मासिक निवेश को 60:40 इक्विटी के साथ ऋण अनुपात में रखने पर मच्योरिटी पर 1,36,75,952 रुपये एकमुश्त मिलेंगे। साथ ही 45,587 रुपये पेंशन मिलेगी।

# बासमती चावल का निर्यात 26 फीसदी बढ़कर 1.15 अरब डॉलर पर पहुंचा



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** निर्यात के मोर्चे पर राहत देने वाली खबर है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में बासमती चावल का निर्यात 25.54 फीसदी बढ़कर 1.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह निर्यात एक साल पहले की समान अवधि में 92.2 करोड़ डॉलर का रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बासमती चावल का निर्यात 25.54 फीसदी बढ़कर 1.15 अरब डॉलर का रहा, जबकि गैर-बासमती चावल का निर्यात भी 5 फीसदी बढ़कर 1.56 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस दौरान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 31 फीसदी बढ़कर 7.4 अरब डॉलर का हो गया।

मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों के निर्यात में 9.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। इसी तरह डेयरी उत्पादों में अकेले 67.15 फीसदी की बढ़ोतरी वृद्धि दर्ज हुई है, जिससे चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों में निर्यात बढ़कर 19.1 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। इसके अलावा समीक्षाधीन अवधि में ताजा फल, सब्जियों और अनाज के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात के लिए 23.56 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य तय किया है।

## आज की नारी सब पर भारी...



# अकेलेपन की शिकार' जाह्नवी कपूर ने 'फ्यूचर बॉयफ्रेंड' को किया मैसेज

**कॉफी विद** करण सीजन 7 में करण जौहर ने खुलासा किया था कि जाह्नवी कपूर और सारा अली खान दो सगे भाइयों को डेट कर रही था' जाह्नवी कपूर श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी है' जाह्नवी कपूर ने अपने रिश्ते को लेकर बात की है' उन्होंने कहा कि वह इस समय सिंगल है और कई बार उन्हें अकेलापन महसूस होता है' हाल ही में उनकी फिल्म गुड लक जेरी भी आई है' जाह्नवी कपूर की फिल्म गुड लक जेरी को दर्शकों ने काफी सराहा है' इस फिल्म में उन्होंने एक साधारण बिहारी लड़की की भूमिका निभाई जो कि अपनी बीमार मां की सेवा के लिए ड्रग्स का काम करने लगती है' जाह्नवी कपूर इन दिनों अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर भी खबरों में है' दरअसल जाह्नवी कपूर ने हाल ही में कहा है कि वह सिंगल है और कई बार उन्हें अकेलापन महसूस होता है' जाह्नवी कपूर से एक इंटरव्यू में जब पूछा गया कि क्या वह किसी को डेट कर रही है तो इस पर उन्होंने कहा, 'जी नहीं, मैं सिंगल हूं और मैं खुश हूं' मैं यह कहना चाहती हूं कि कई बार मुझे अकेलापन भी महसूस होता है'' । गुड लक जेरी की एक्ट्रेस ने इस बारे में भी बताया कि कोई उन्हें बाहर घुमाने क्यों नहीं लेकर जाना चाहता' इस पर जाह्नवी कपूर कहती है, 'अब रिश्ते मैं कोई भी रहना नहीं चाहता और चीजें बहुत सरलता से उपलब्ध है' इसके चलते कोई रिश्ते का कमिटमेंट नहीं करना चाहता हैं' लोग रिश्ते को आगे बढ़ाने से डरते हैं'' जाह्नवी कपूर ने अपने



भविष्य के बॉयफ्रेंड के लिए एक मैसेज भी लिखा है' उन्होंने लिखा है, 'आप मुझसे अच्छे से मिलिए' मुझे लगता है, मैं आपका ध्यान रखूंगी' मैं आपको हंसाऊंगी' आपको मेरे साथ बहुत मजा आएगा' मैं थोड़ी साइको हूं लेकिन क्यूट भी हूं'' जाह्नवी कपूर फिल्म धड़क के अभिनेता ईशान खट्टर को डेट कर रही थी' दोनों को कई अवसर पर साथ देखा गया था' हालांकि बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया था'।

# रक्षाबंधन रिलीज से पहले अक्षय कुमार ने फैंस से किया वादा

**बोले- आप पूरे परिवार के साथ देख पाएंगे मेरी फिल्में'**



अपनी फिल्म से ठीक पहले अक्षय कुमार ने एक ऐसा बयान दिया है जिसके बाद लोग सोचने पर मजबूर हो गए कि उनका इशारा किसकी तरफ है। अक्षय ने कहा कि वो कभी भी घिनौनी फिल्में नहीं बनाएंगे। अक्षय कुमार की रक्षाबंधन 11 अगस्त को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से व सर्टिफिकेट मिला है। इसका मतलब कि आप अपने बच्चों को भी सिनेमा हॉल फिल्म दिखाने ले जा सकते हैं। फिल्म की कहानी एक भाई और उसकी चार बहनों के इर्द गिर्द घूमती हैं। रिलीज से पहले ही अक्षय कुमार ने अपने फैंस से कह दिया है कि वो 'घिनौनी' फिल्में नहीं बनाएंगे। बॉक्स ऑफिस पर खिलाड़ी कुमार की टक्कर इस बार आमिर खान से है, आमिर की लाल सिंह चड्ढा भी इसी दिन रिलीज हो रही है। अक्षय ने पीटीआई से कहा, 'मैं अलग-अलग तरह के कंटेंट में हाथ आजमाना चाहता हूं। मैं किसी भी तरह की छवि नहीं बनाना चाहता। लेकिन मैं एक बात बता दूं कि मैं जो फिल्में करुंगा, वो पारिवारिक मनोरंजन होंगी।' एक्टर ने यह भी विशेष रूप से कहा कि वह घिनौनी ( गंदी ) फिल्मों से नहीं जुड़ेंगे। इसके साथ ही अक्षय कुमार से जब पूछा कि वो कैसी फिल्में करना पसंद करेंगे ? तो उनका जवाब था मैं कभी भी घिनौनी फिल्में नहीं करना चाहता। फिल्म चाहे साइको थ्रिलर हो या सोशल ड्रामा, बस आप मेरी फिल्में बिना झिझक अपने परिवार के साथ देख पाएं, मेरी यहीं कोशिश होती है हमेशा। बता दें कि 'रक्षाबंधन' और 'लाल सिंह चड्ढा' दोनों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। एडवांस बुकिंग के पहले दिन के कलेक्शन में आमिर खान बाजी मारते नजर आ रहे हैं, हालांकि किसी भी नतीजे पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी। 'लाल सिंह चड्ढा' में आमिर खान के अलावा करीना कपूर और साउथ स्टार नागा चैतन्य भी हैं। रिलीज से पहले ही 'लाल सिंह चड्ढा' को सोशल मीडिया पर जबरदस्त बॉयकॉट का सामना भी करना पड़ रहा है। आमिर और करीना के पुराने बयानों को लेकर लोग लगातार इस फिल्म को ना देखने की अपील कर रहे हैं। वैसे आमिर इस पूरे मुद्दे पर अपना पक्ष पहले ही रख चुके हैं।

# अचानक बिगड़ी उर्फी जावेद की तबीयत

**कोकिलाबेन हॉस्टिल से इस हालत में एक्ट्रेस की तस्वीर आई सामने**



**उर्फी अपने** लुक को लेकर न सिर्फ बल्कि विवादों में घिरी रहती हैं। जहां एक तरफ रणवीर सिंह से लेकर फैशन डिजाइनर मसाबा ने उनके ड्रेसिंग सेंस की तरीफ की है। वहीं कई स्टार्स उर्फी को उनके लुक्स को लेकर ट्रोल करते नजर आएं। इंटरनेट संसेशन उर्फी जावेद के लेकर एक बुरी खबर सामने आ रही है। उर्फी जावेद की तबीयत काफी बिगड़ गई है। उनकी हालत खराब होते ही आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल से उर्फी की एक तस्वीर सामने आई है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस की बिगड़ी हालत को देखकर फैंस चिंता में आ गए हैं।

उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जो कि हॉस्पिटल से शेयर किया गया है। इस तस्वीर में उर्फी हॉस्पिटल के बेड पर बैठी नजर आ रही हैं। उनके सामने टेबल पर खाना रखा हुआ है और वो खाती दिख रही हैं। तस्वीर में उर्फी काफी कमजोर नजर आ रही हैं। उर्फी की इस तस्वीर को देखकर फैंस काफी परेशान नजर आ रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले एक्ट्रेस के जल्द ठीक होने की दुआं कर रहे हैं। उर्फी जावेद के एक करीबी ने ईटाम्स से बात की और एक्ट्रेस की हालत के बारे में जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो-दिन से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। इसके बावजूद वो लगातार काम कर रहीं थीं। यही नहीं उन्हें कुछ दिनों से उल्टियां भी हो रही हैं। आज उन्हें जब 103-104 बुखार हो गया इसके बाद उन्हें तुरंत मुंबइ के कोकिलाबेन हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा। अभी उनके कई टेस्ट कराए गए हैं। फिलहाल टेस्ट रिपोर्ट्र्स आने के बाद ही बुखार आने का कारण पता चलेगा।

# आलिया भट्ट ने शेयर किया पति रणबीर कपूर का बीटीएस वीडियो






**दिखाई 'ब्रह्मास्त्र' के शूटिंग की खूबसूरत झलक**

अयान मुखर्जी की फैंटेसी-एडवेंचर फिल्म ब्रह्मास्त्र को रिलीज होने में अब सिर्फ एक महीने का वक्त बचा है। ऐसे में लीड एक्टर्स रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने फिल्म का प्रमोशन करना भी शुरू कर दिया है। एक्ट्रेस आलिया भट्ट कुछ दिनों पहले ही अपना हॉलीवुड प्रोजेक्ट 'हार्ट ऑफ स्टोन' खत्म करके मुंबई वापस लौटी हैं, जिसके बाद वे अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म डार्लिंग्स को प्रमोट करने लगीं। इसके साथ ही वे अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, अब एक्ट्रेस ने शनिवार से अपनी अगली फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का प्रमोशन शुरू कर दिया है। इस कड़ी में उन्होंने फिल्म का एक बीटीएस वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें रणबीर कपूर आग से खेलते हुए दिख रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए आलिया भट्ट ने कैप्शन में बताया कि कैसे 'ब्रह्मास्त्र' की जर्नी शुरू हुई। उन्होंने दो वीडियो शेयर किए हैं। पहले वीडियो में रणबीर कपूर फिल्म की शूटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं और एक लाइट बल्ब के साथ सीन सूट कर रहे हैं, जो वीएफएक्स डालने के बाद आग के गोले के रुप में बदल जाता है। दूसरे वीडियो की बात करें तो इसमें फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए दिख रहे हैं और बता रहे हैं कि उन्हें इस फिल्म का आइडिया तब आया था जब वे अपनी दूसरी फिल्म 'ये जवानी है दिवानी' की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे। अयान वीडियो में फिल्म से जुड़ी कई सारी बातें शेयर करते हैं। यहां देखें वीडियो, अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र' एक फैंटेसी-एडवेंचर फिल्म है। जिसकी निर्माण करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है। ये फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के अलावा फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन अक्कीनेनी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ब्रह्मास्त्र ट्रिलॉजी है, जो 3डी फॉर्मेट में रिलीज होगी। जिसका पहला भाग 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 1: शिवा' 9 सितम्बर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगा। फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी।

## भाजी प्लीज गुस्सा छोड़ो....



# 'सचिव जी' को छोड़ किसी और के साथ नजर आई प्रधान जी की बेटी 'रिंकी'

**पंचायत 2** फेस बिनोद इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। हाल ही में उनकी और प्रधान जी की बेटी रिंकी की तस्वीर इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रही हैं फैंस इस पोस्ट पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। बेव सीरीज पंचायत के दूसरे सीजन ने भी ओटीटी पर धूम मचा दी। इसके हर कलाकार घर-घर में बेहद पॉपुलर हैं। आलम ये है कि घटना चाहे देश के किसी भी कोने में घटे, 'बनराकस' ये कहते हुए नजर आते हैं 'देख रहा है न बिनोद'। सोशल मीडिया पर 'बनराकस' और 'बिनोद' के मीम्स की बाढ़ आ गई है। अब एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिससे प्रधान जी और सचिव जी के दिलों की धड़कनें बढ़ना तय है। दरअसल, फुलेरा की प्यारी 'रिंकी' सचिव जी को छोड़ किसी और के गले में बाहें डाले नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों बिनोद का किरदार निभा रहे अशोक अशोक पाठक और प्रधान जी की



बेटी रिंकी यानी सानविका की एक तस्वीर वायरल हो रही है। रिंकी बड़े प्यार से बिनोद के गले में हाथ डाले खड़ीं हैं और अशोक अपनी वहीं सिग्नेचर स्माइल दे रहे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए सानविका ने कैप्शन में लिखा- भगवान के बाद कोई सब कुछ देख रहा है तो वो है बिनोद, आराम कर लो... आंखें दुख गई होंगी अशोक पाठक। हमारा अपना ह्यूम सीसीटीवी।' इसके साथ उन्होंने फैंस के लिए लिखा- 'देख रहा है बिनोद' लिख अपनी क्रिएटिविटी से भर दें।' रिंकी की ख्वाहिश हो और लोग पूरी ना करें, ऐसा कैसे हो सकता है। तो लोगों ने भी इस पोस्ट को देखते ही देखते वायरल कर दिया। एक यूजर ने लिखा- देख रहा है न बिनोद, कैसे तेरी पॉपुलैरिटी का फायदा उठाया जा रहा है'। तो दूसरे ने लिखा 'ये तो सचिव जी के साथ धोखा है..' बता दें कि बिनोद का किरदार निभा रहे अशोक पाठक के अभिनय के कायल एक्टर पंकज त्रिपाठी भी हैं। हाल ही में एक टीवी शो में पहुंचे पंकज त्रिपाठी ने अशोक पाठक और दुर्गेश कुमार को बेहतरीन एक्टर बताया। अशोक ने धन्यवाद देते हुए ये क्लिप अपने सोशल मीडिया पर भी शेयर की।

# खतरों के खिलाड़ी शो से एक और खिलाड़ी हो जाएंगी एलिमिनेट



**खतरों के** खिलाड़ी के अब तक 11 एपिसोड ऑन एयर हो चुके हैं और इसी शो से चार कंटेस्टेंट्स को एलिमिनेट भी किया जा चुका है। शो के 12वें एपिसोड के साथ एक और खिलाड़ी बाहर होने वाला है जो कि एक फीमेल कंटेस्टेंट होगी। कलर्स टीवी का खतरनाक रियलटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 कई हफ्तों से टॉप पर बना हुआ है और टीआरपी की रेस में हर किसी को पछाड़ते हुए दिख रहा है। शो में स्टंट करके जितना सेलेब्स एंटरटेन करते हैं उतनी ही मजेदार होस्टिंग रोहित शेट्टी भी करते हैं और दर्शकों को टीवी से बांधे रखते हैं। शो को फैंस जितना एंजॉय करते हैं उतना ही दुख उन्हें अपने फेवरेट को बाहर जाते हुए देखने में भी होता है। अब तक शो से अनेरी वजानी, एरिका पैकर्ड, शिवांगी जोशी और प्रतीक सहजपाल बाहर हो चुके हैं और इस रविवार एक और खिलाड़ी शो को अलविदा कह देने वाला है। खतरों के खिलाड़ी में अब तक कई कंटेस्टेंट्स को फियर फंदा मिल चुका है, लेकिन कई बार किस्मत तो कई बार उनकी मेहनत ने उन्हें शो में एक नया मौका दे दिया और वे अब तक शो में टिके हुए हैं, लेकिन फिनाले तक एक-एककर सबकी जर्नी खत्म हो होनी है क्योंकि विनर तो कोई एक ही होगा। इसी के साथ इस हफ्तें भी एक कंटेस्टेंट बाहर होने वाला है। रिपोट्र्स की माने तो इस बार रोहित शेट्टी के शो एक हसीना बाहर होने वाली है, इनमें सृति झा और चेतना पांडे के नाम सामने आ रहे हैं। 12वें एपिसोड के साथ ही इनमें से किसी एक का सफर खत्म हो जाएगा और वो शो को हमेशा के लिए अलविदा कह देगी। बता दें कि खतरों के खिलाड़ी के अब तक 11 एपिसोड टेलीकास्ट किए जा चुके हैं। सृति झा और चेतना पांडे के अलावा अभी शो में रुबीना दिलाइक, जन्नत जुबैर, तुषार कालिया, मोहित मलिक, निशांत भट, राजीव अदतिया, मिस्टर फैसू और कनिका मान बचे हुए हैं। शो को लेकर हाल ही में एक और खबर आई थी, जिसके अनुसार हाल ही में शो से बाहर हुए प्रतीक सहजपाल को एक बार फिर से शो में लाने की तैयारी चल रही है और वाइल्ड कार्ड के जरिए उनकी एंट्री शो में होगी। हालांकि, इस जानकारी को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टी नहीं की गई है।